बाधो, मास , वर्ष-10, अंक 185, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज बुधवार 02 अक्टूबर, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रक्तदान शिविर का रिबन काटकर किया शुभारंभ




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आज राजकीय संयुक्त चिकित्सालय नोएडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान करते हुए आम जनमानस से भी अपील की कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए आप सब अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान अवश्य करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल तथा जिला अस्पताल के अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों का उपस्थित रहे।

## 5 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय गौतमबुद्धनगर पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारी के लिए सीटू ने जनसंपर्क अभियान किया तेज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा, 26000 रुपया न्यूनतम वेतन, ?10000 पेंशन, कार्यस्थल पर सुरक्षा, सरकारी



नौकरियों में भर्ती, ओं. पी. एस., ठेका श्रमिकों को पक्का करने, पथ विक्रेता व भवन निर्माण और अन्य असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के लिए एवं चार लेबर कोड के खिलाफ 5 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारी के लिए चल रहे जन संपर्क अभियान को तेज करते हुए सीटू ने अनमोल इंडस्ट्रीज उद्योग विहार ग्रेटर नोएडा और झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50, नोएडा सहित कई स्थानों पर परचा वितरण, नुक्कड़ सभा व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनपद के मेहनतकशों से 5 अक्टूबर 2024 को होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील किया। वहीं दिल्ली जन् नाट्य मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मजदूरों के मुद्दों को रेखांकित करते हुए मजदूरों से 5 अक्टूबर 2024 को डीएम कार्यालय सूरजपुर पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। नुक्कड़ सभा को सीटू जिला नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, मुकेश कुमार राघव, सुखलाल, जोगेंद्र सैनी, रामस्वारथ आदि ने संबोधित किया।

## श्री सनातन धर्म रामलीला समिति का मंचन 3 अक्टूबर से

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 की आज रामलीला ग्राउंड नोएडा स्टेडियम




सेक्टर 21 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई । जिसमें समिति के चेयरमैन टी एन गोविल ,अध्यक्ष टी एन चौरसिया,कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज जी,महासचिव संजय बाली जी,कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग जी,,अतुल मित्तल जी, शुभकरण राणा जी, रमेश जी, एन के अग्रवाल जी,अनिल गुप्ता ,मित्रा शर्मा ,राजीव अजवानी, अतुल वर्मा, डॉक्टर एस पी जैन,विनय शर्मा जी, संजय गुप्ता , सत्य नारायण गोयल,प्रदीप अग्रवाल,अनुज गुप्ता,केशव गंगल, बी के मित्तल,सौरव अग्रवाल,, वीरेश तिवारी,राजीव गर्ग,संजय गोयल,मुकेश गुप्ता, डी के मित्तल, एस के सिंघल,सौरव गोविल,महेंद्र कटारिया,अमिताभ गुप् सुधीर पोरवाल,रोहित श्रीवास्तव, पवन सिंह,राहुल बाली,जतिन गोविल,लोकेश कश्यप, प्रमोद रंगा,चंद्रपाल सिंह,अमित अग्रवाल,सुनील कुमार,श्रेयस चतुर्वेदी,पुनीत शुक्ल,एवम् शहर के काफी गणमान्य लोग उपस्तिथि थे आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए हुए आप सभी सम्मानित सदस्यों का श्री सनातन धर्म रामलीला समिति धन्यवाद करती है।

## अवध रत्न सम्मान से सम्मानित हुए मोहम्मद अहद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा उत्तर प्रदेश पुलिस अयोध्या में तैनात मोहम्मद अहद अपने ड्यूटी के साथ साथ सामाजिक कार्य भी करते रहते है अपने पुलिस के




साथियों के सहयोग से जरूरत मंद को पूरे उत्तर प्रदेश में ब्लड उपलब्ध कराने का कार्य करते है यूपी के कई जिलों में जरूरत मंद को रक्त उबलब्ध करवा चुके है इनका प्रयास लोगों को ब्लड उपलब्ध कराने से ज्यादा लोगों में जागरूकता फैलाना है लोग ब्लड का नाम सुनते ही घबरा जाते है डर जाते है की हमको कमजोरी आ जाएंगी चक्कर आ जाएंगा घर के अकेले हमीं है इसलिए मैं ब्लड नही दे सकता तमाम तरह के बहाने बनाने लगते है अपने माता पिता को भी ब्लड नही देना चाहते है ये भ्रांतियां सिर्फ जागरूकता नही होने के कारण लोगों के मन में आता है मोहम्मद अहद का कहना है की कोई खून के अभाव में न मरे इसलिए जो रक्तदान कर सकते है उनको रक्तदान जरूर करना चाहिए।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

ALL TYPE PRINTING SOLUTION
Enjoy Publicity
M. 9161135311, 9335136055






# सद्भावना समाज से पनपती है- सर्व धर्मगुरु









**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी ।** दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को बेथनी कॉन्वेंट विद्यालय के प्रांगण में गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर सद्भावना दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें सभी धर्म के धर्मगुरुओं संत डॉन बॉस्को चर्च के पल्ली पुरोहित श्रद्धेय फादर यूजीन मस्करेंहस, धर्म प्रांतीय विकास एवं कल्याण संस्थान के निदेशक श्रद्धेय फादर सेबेस्टियन फ्रांसिस, मदरसा विद्यालय के शिक्षक मौलाना कारी अब्दुल सलाम, हिंदू धर्म के धर्मगुरु स्वामी दिव्यानंद , सिख धर्म के धर्मगुरु ज्ञानी जसपाल सिंह जी को सादर आमंत्रित किया गया। जिसका उद्देश्य सभी धर्म के बाल व युवा वर्ग के मध्य राष्ट्रीय एकता, शांति, सहानुभूति व सांप्रदायिक सद्भाव पर प्रकाश डालना था। दिवंगत महात्मा गांधी जी के श्रेष्ठ आदर्शों जैसे- अहिंसात्मक विचार कार्य, धार्मिक एकीकरण व राष्ट्रीय सामंजस्य की प्रगाढ़ भावना को आत्मसात किया गया। जिसमें बेथनी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या महोदया सिस्टर डॉ. शमिता द्वारा सभी अतिथि धर्म गुरुओं को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न समुदाय के मध्य स्नेह सहयोग व भाईचारे की भावना के साथ-साथ धार्मिक व सामुदायिक समाज को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम द्वारा प्रेरक जीवन मूल्यों जैसे- अहिंसा, शांति व भाईचारे की भावना पर बलाघात किया गया। विद्यालय की प्रबंधिका सिस्टर क्रिस्टीन ने सभी धर्म गुरुओं को शॉल तथा विद्यालयी स्मृति- चिन्ह से सम्मानित किया एवं उनके सोदाहरण संभाषण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय- गान से किया गया। इस सहउद्देश्य कार्यक्रम के सुचारू संचालन में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या महोदया सिस्टर ग्रेसी ,सभी शिक्षक- शिक्षिका गण, छात्रगण व कर्मचारीगण का भरपूर योगदान रहा।

# एक बाइक पर चार युवक सवार पुलिया से टकराने से एक की मौत तीन घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** सोमवार को बिती देर रात्र लगभग दो बजे एक मोटर



साइकिल पर चार युवक सवार होकर चोपन बाजार से हाथी नाला की तरफ जा रहे थे उसी दौरान गुरमुरा बाजार से 500 मीटर आगे किसी कारण वंश पुलिया में टकरा गए जिसके उपरांत सड़क दुघर्टना में टकराने के वजह से युवक प्रभात गुप्ता उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र मुन्ना गुप्ता निवासी चोपन गांव थाना चोपन की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अन्य तीन बाइक पर सवारों में धीरज निषाद उम्र लगभग 21 पुत्र रामसेवक ,करण निषाद उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र गुलजार निषाद, संतोष गौड़ उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र कमलेश गौड़ को हल्की छोटे लगी है सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चोपन हल्का इंचार्ज मेराज खान ने एंबुलेंस से चोपन अस्पताल भेजा दिया इसके साथ ही घायल व मृतक के परिवारजनों को सूचना दे दी गई है।

# 8100 मीद तिरंगा यात्रा की तैयारी के मद्देनजर गौहनिया कार्यालय में की गई बैठक,एसीपी भी हुए शामिल



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** प्रयागराज के यमुनानगर घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा ब्लाक से चाका ब्लाक तक 8100 मीटर की तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी इसकी तैयारी के मद्देनजर आज सोमवार को बैठक की गई घूरपुर क्षेत्र के गौहनिया स्थित कार्यालय में आज सोमवार को बैठक का समापन हुआ जिसमें एसीपी कौंधियारा विवेक यादव मुख्य रूप से शामिल हुए जहां पर उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे,दरअसल आगामी 2 अक्टूबर को प्रतिवर्ष तिरंगा यात्रा निकाली जाती है और इस बार यह तिरंगा यात्रा 8100 मीटर की होगी जोकि जसरा ब्लाक से चाका ब्लाक तक निकाली जाएगी।
















## संक्षिप्त समाचार

### नसरल्ला की मौत का बदला लेगा हिजबुल्ला, डिप्टी कमांडर बोला- लंबे युद्ध के लिए रहें तैयार

**इस्राइला ।** पिछले 10 दिनों में इस्राइली सेना द्वारा किए गए हमलों में नसरल्ला और उसके छह शीर्ष कमांडर मारे गए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि लेबनान के बड़े हिस्से में हजारों आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए गए हैं। हिजबुल्ला के कमांडर नसरल्ला की मौत के बाद आतंकी



संगठन की कमान डिप्टी कमांडर नईम कासिम ने संभाल ली है। नसरल्ला की मौत के बाद पहली बार नईम की ओर से बयान जारी किया गया है। हिजबुल्ला के डिप्टी कमांडर ने इजरायल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की कसम खाई और अपने लोगों से कहा कि, वे एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें। हिजबुल्ला कमांडर नसरल्ला की हत्या के बाद अपने पहले भाषण में नईम कासिम ने सोमवार को कहा कि अगर इस्राइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है, तो हिजबुल्ला के लड़ाके लड़ने और लेबनान की रक्षा के लिए तैयार रहें। डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नईम कासिम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता है, जब तक कि नेतृत्व नसरल्ला की जगह पर किसी नए शख्स का चुनाव नहीं कर लेता है। पिछले 10 दिनों में इस्राइली सेना द्वारा किए गए हमलों में नसरल्ला और उसके छह शीर्ष कमांडर मारे गए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि लेबनान के बड़े हिस्से में हजारों आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार लेबनान में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई महिलाएं और बच्चे हैं। लेबनान सरकार का कहना है कि लड़ाई के कारण दस लाख लोग विस्थापित हो सकते हैं।

### पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ तीन नए मामले दर्ज, हत्या का प्रयास और धारा 144 का उल्लंघन के आरोप

**पाकिस्तान।** पीटीआई द्वारा जारी वीडियो में प्रदर्शनकारियों को पुलिस पर पत्थर और ईंट से



हमला करते हुए देखा गया। इससे पहले इमरान खान मे शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था, जिसे देखते हुए प्रांतीय सरकार ने सार्वजनिक बैठकों पर प्रतिबंध लगाने के साथ शहर सभी प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया। पंजाब पुलिस ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में उनकी पार्टी द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए। रविवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी चेयरमैन बैरिस्टर गोहर खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ये शिकायतें रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई हैं।

## शिंदे कैबिनेट का बड़ा फैसला, कुनबी-मराठा प्रमाण पत्र देने के लिए एसओपी पर पैनल की रिपोर्ट को मंजूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए कुनबी-मराठा प्रमाण पत्र देने के लिए एसओपी पर पैनल



की रिपोर्ट की स्वीकार कर ली है। इससे पहले 23 सितंबर को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। महाराष्ट्र में सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में न्यायमूर्ति शिंदे समिति की दूसरी और तीसरी रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। जिसका गठन ऐतिहासिक अभिलेखों के आधार पर कुनबी-मराठा और मराठा-कुनबी प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने के लिए किया गया था। बता दें कि कुनबी (एक कृषि समुदाय) को महाराष्ट्र में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 38 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनमें से कुछ मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सड़क और मेट्रो रेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े थे। न्यायमूर्ति संदीप शिंदे (सेवानिवृत्त) समिति ने पिछले दिसंबर में अपनी दूसरी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसे राज्य सरकार ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया था।शिंदे पैनल की रिपोर्ट को राज्य मंत्रिमंडल की तरफ से सोमवार को स्वीकार किया जाना पिछड़े समुदायों की तरफ से विरोध के बीच ओबीसी श्रेणी में शामिल किए जाने के लिए विरोध कर रहे मराठा समुदाय को शांत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना के लिए 12,200 करोड़ रुपये के संशोधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है और ठाणे-बोरीवली सुरंग मार्ग के लिए ऋण के माध्यम से 15,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। राज्य में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आचार संहिता लागू होने की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार लगातार कैबिनेट बैठकें कर रही है। इससे पहले 23 सितंबर को हुई मंत्रिपरिषद की पिछली बैठक में सरकार ने तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। कैबिनेट बैठक को लेकर अधिकारियों ने बताया कि पिछली कैबिनेट बैठक में कुल 24 फैसले लिए गए थे, जिसमें गाय के दूध उत्पादकों को 7 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी जारी रखना भी शामिल है।

## एयर मार्शल एपी सिंह बने वायुसेना के नए प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने सौंपा कार्यभार



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख के तौर पर एयर मार्शल एपी सिंह ने आज कमान संभाल ली है। उन्हें एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कार्यभार सौंपा है। भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख के तौर पर एयर मार्शल एपी सिंह ने कमान संभाल ली है। उन्हें एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कार्यभार सौंपा है। बता दें कि आज एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने सुबह वायु भवन में पारंपरिक 'वॉक थ्रू' करने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दिवंगत वीरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें वायुसेना के वायु योद्धाओं की तरफ से विदाई सलामी के रूप में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## सरकार गिराने के बीजेपी विधायक के दावे पर कानूनी विकल्प तलाश रहे', डिप्टी सीएम शिवकुमार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की बैठक बुलाई है। हम अपनी कानूनी टीम



के साथ चर्चा करेंगे। यह मामला पार्टी हाईकमान के संज्ञान में भी लाया है कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि भाजपा के एक वरिष्ठ विधायक के इस दावे के मद्देनजर कानूनी विकल्प तलाशे जाएंगे कि उनकी पार्टी के एक महान नेता ने कांग्रेस सरकार को गिराने और मुख्यमंत्री बनने के लिए बड़ी राशि अलग रखी है। भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने रविवार को कहा था कि उनकी पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और विधायक इस तरह के किसी भी अभियान और खरीद-फरोख्त के खिलाफ है। उन्होंने कहा था कि सरकार अपने आप गिर जाएगी। उन्होंने उस महान नेता का नाम नहीं बताया, जिसने कथित तौर पर सरकार गिराने और मुख्यमंत्री बनने के लिए 1,000 करोड़ रुपये अलग रखे थे।शिवकुमार, जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, 'मैंने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की बैठक बुलाई है। उन्होंने हमारी सरकार को गिराने के लिए 1,200 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। हम अपनी कानूनी टीम के साथ चर्चा करेंगे। मैंने यह मामला पार्टी हाईकमान के संज्ञान में भी लाया है।उन्होंने कहा, 'जो कुछ भी हो, मामले की जांच आयकर विभाग को करनी होगी। मैंने केपीसीसी में एक बैठक बुलाई है, ताकि पता चल सके कि इस मामले में कानून क्या कहता है।' उन्होंने कहा कि गृह मंत्री जी परमेश्वर के साथ उनकी बैठक विजयपुरा विधायक के बयान के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार करने के लिए थी।

## कांग्रेस शासन में किसी को भी रिश्वत के बिना नौकरी नहीं मिली' सीएम सरमा का बड़ा आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिमंत बिस्वा सरमा ने आरोप लगाया कि असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सरकार उन लोगों को चुनती थी, जिनसे नौकरी के बदले पैसा ले सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सरकार उन लोगों को चुनती थी, जिनसे नौकरी के बदले पैसा ले सकते थे। सीएम सरमा ने आगे कहा, ठकांटों



बदले पैसा ले सकते थे। सीएम सरमा ने आगे कहा कि कांटों भरा युग अब बीत गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस शासन के दौरान किसी को भी रिश्वत दिए बिना सरकारी नौकरी नहीं मिली। सीएम सरमा ने बताया कि उनका लक्ष्य अपने कार्यकाल में दो लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री सोमवार को एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने दावा किया कि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से राज्य में 1.4 लाख युवाओं को नौकरियां मिल चुकी हैं।सीएम सरमा ने सोमवार को एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ठकांग्रेस शासन के दौरान युवाओं को विश्वास नहीं था कि उन्हें रिश्वत दिए बिना सरकारी नौकरी मिलेगी। यहां तक की कम वेतन वाली नौकरियों के लिए भी उन्हें एक करोड़ रुपये तक रिश्वत देनी पड़ती थी। भरा युग अब बीत गया। अब हम बिना रिश्वत लिए पारदर्शी तरीके से भर्ती परिक्षाएं आयोजित करने में सक्षम हैं।ठ उन्होंने बताया कि उनके लक्ष्य (एक लाख) से ज्यादा 1.4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई है। प्रशासन पर 2026 तक दो लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य बना रहा है।बता दें कि 2021 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने असम में हर साल एक लाख लोगों को नौकरी उपलब्ध कराने का वादा किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान में सुधार करते हुए कहा था कि यह आंकड़ा पांच वर्ष के लिए है। 510 करोड़ रुपये के मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभिजन (सीएमएएए) के तहत सरमा ने 25,000 से अधिक युवाओं में से प्रत्येक को 75,000 रुपये की पहली किस्त का ट्रांसफर करना शुरू किया, ताकि वे अपना इद्यम शुरू कर सकें।

## ट्रायल में देरी के कारण सौतेली बच्चियों की हत्या के आरोपी पिता को जमानत, 11 साल से हिरासत में था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** घटना जनवरी 2012 की है। उस समय लगातार दो दिन नौ और 15 साल की दो बच्चियों के शव शहर के ढाकुरिया और



पार्क सर्कस रेलवे स्टेशन से मिले थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक शख्स को 11 साल से अधिक समय बाद अंतरिम जमानत दी है। शख्स पर अपनी दो नाबालिग सौतेली बेटियों की हत्या करने का आरोप है। मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में देरी होने की वजह से शख्स को रिहा किया गया है। घटना जनवरी 2012 की है। उस समय लगातार दो दिन नौ और 15 साल की दो बच्चियों के शव शहर के ढाकुरिया और पार्क सर्कस रेलवे स्टेशन से मिले थे। इस मामले की शिकायत लेक पुलिस स्टेशन में दी गई। बाद में कोलकाता पुलिस ने साल 2013 में इश्तियाक अहमद को हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया। तब से वह हिरासत में है। पत्नी दूसरे राज्य में काम करती थी और दोनों सौतेली बेटियां अहमद के साथ रहती थीं। उच्च न्यायालय का रुख करते हुए अहमद के वकील ने मुकदमे में देरी के कारण उसकी जमानत के लिए प्रार्थना की। अदालत से कहा कि इश्तियाक 11 साल से अधिक समय से हिरासत में है राज्य सरकार के वकील ने सात मई को अदालत से कहा था कि अभियोजन के शेष गवाहों से एक महीने के भीतर पूछताछ की जाएगी। यह देखते हुए कि अभियोजन पक्ष के दो गवाहों से अभी भी पूछताछ की जानी बाकी है और याचिकाकर्ता 11 साल और 7 महीने से अधिक समय से हिरासत में है, न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने 24 सितंबर को कहा कि यह निश्चित नहीं है कि मुकदमा वास्तव में कब समाप्त होगा। पीठ में न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रे भी शामिल थे। पीठ ने आदेश दिया कि मामले में देरी के आधार पर हम याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत देते हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि इस्तियाक अहमद उर्फ इस्तियाक एसके को 10,000 रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए, जिसमें से प्रत्येक के पास इतनी ही राशि की दो जमानतें होनी चाहिए, जिनमें से एक स्थानीय होना चाहिए। अदालत ने कहा कि आरोपी कोलकाता के लेक पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ेंगे और अगले आदेश तक सप्ताह में दो बार पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। अहमद को अगले आदेश तक सुनवाई की हर तारीख पर निचली अदालत के समक्ष पेश होने और गवाहों को धमकाने या सबूतों से किसी भी तरह से छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया जाता है। यह निर्देश देते हुए कि अंतरिम जमानत नवंबर 2024 के अंत तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। पीठ ने कहा कि मामले में 20 नवंबर को फिर सुनवाई होगी।

## साइबर अपराधियों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, कई राज्यों में छापेमारी कर 26 आरोपी गिरफ्तार किए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 170 लोगों से पूछताछ की, ये लोग कॉल सेंटर्स के जरिए लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल थे। देश में बढ़ रही साइबर अपराध की



घटनाओं के बीच केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने कई राज्यों में छापेमारी कर 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधी दुनियाभर में लोगों को ठगने के आरोपी हैं। सीबीआई ने यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र-3 के तहत की है। इस अभियान के तहत सीबीआई ने बीते गुरुवार को देश में 32 स्थानों पर छापेमारी की। सीबीआई ने अभियान के तहत जिन जगहों पर छापेमारी की, उनमें पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम आदि शहर शामिल हैं। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 58.45 लाख रुपये की नकदी, कई लॉकर की चाबी और तीन लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। सीबीआई ने छापेमारी के दौरान चार कॉल सेंटर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की, जिनमें पुणे का कॉल सेंटर वी.सी इंफोर्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम का इंफोर्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद का वायजेक्स सॉल्यूशन, विशाखापत्तनम का ही अत्रिया ग्लोबल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 170 लोगों से पूछताछ की, ये लोग कॉल सेंटर्स के जरिए लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए कई आरोपी विदेश में बैठे लोगों को ठगने और पीड़ितों के सिस्टम हैक करने के आरोपी हैं। आरोपियों ने पीड़ितों को उनकी पहचान चोरी होने या उनके बैंक खाते से अवैध लेन-देन होने की बात कहकर अपने जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ितों के आर्थिक लेन-देन को सुरक्षित करने के लिए अपने पैसे नए बैंक खाते में स्थानांतरित करने का कहकर उनके साथ धोखाधड़ी की।

## हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बनेगी कांग्रेस की सरकार' चुनाव परिणाम से पहले जयराम का बड़ा दावा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, यह साफ है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बन रही है। यह भाजपा के खिलाफ बड़ा तूफान है। हरियाणा में मुद्दे हैं 'जय जवान, जय किसान, जय पहलवान'।जम्मू कश्मीर और हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बड़ा दावा किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, पार्टी विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद हरियाणा के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है। एएनआई को दिए इंटरव्यू में राज्यसभा सांसद ने सैनिकों, किसानों और पहलवानों के मुद्दों पर खुलकर बात की । कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, यह साफ है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बन रही है। यह भाजपा के खिलाफ बड़ा तूफान है। हरियाणा में मुद्दे हैं 'जय जवान, जय किसान, जय पहलवान'। राज्य की पिछली सरकार में जवानों और किसानों के साथ अन्याय हुआ है और पहलवानों के साथ भेदभाव किया गया है। इसलिए यह हरियाणा के लिए हमारा नारा है। जयराम रमेश



ने किसानों के विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग पर जोर दिया। उन्होंने ऋण माफी और 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया और भारतीय संविधान के अनुसार केंद्र द्वारा जाति जनगणना कराने के महत्व के बार में भी बात की। उन्होंने कहा कि, जब एमएसपी की बात आती है तो हम एमएसपी पर कानूनी गारंटी मांगते हैं और यह किसानों की भी मांग है। उन्होंने तीन साल तक चले अपने विरोध प्रदर्शन में इसकी मांग की थी। जिसमें 700 किसान शहीद हो गए थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। उन्हें तीन काले कानून (किसान कानून) वापस लेने पड़े। हमारा मुद्दा केवल एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं है बल्कि कर्ज माफी की मांग भी है। जयराम रमेश ने कहा कि, हमने कहा था कि अगर सत्ता में आए तो कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण की सीमा हटा देगी। हम जनगणना की भी बात कर रहे हैं। भारतीय संविधान के अनुसार जनगणना कराना केंद्र का कर्तव्य है। ये हमारे असली मुद्दे हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बारे में बात करते हुए काग्रेस सांसद ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन सरकार बनाने की उम्मीद जताई और जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ गठबंधन की संभावना पर रमेश ने कहा कि पीडीपी भारत गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ विधानसभा चुनावों को लेकर हुए गठबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस सरकार बनेगी। वहां ऐसा माहौल है... भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस के प्रति अपार जन समर्थन देखने को मिल रहा है। हमारी एकमात्र मांग जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना है। हम इसके लिए लड़ेंगे। पीडीपी के सरकार में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, देखते हैं क्या होता है...पीडीपी भारत गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन चुनाव के लिए हमारा गठबंधन केवल नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ है।

## समय पर सब्सिडी मिलना तय नहीं', गडकरी के बयान को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा

शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि 'नितिन गडकरी ने इस मुद्दे पर उचित बयान दिया है। अगर ऐसे समय में जब खजाने



में धन की कमी है और सरकार अन्य योजनाओं को निलंबित कर रही है, यह धन का दुरुपयोग और कुप्रबंधन है।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने एक बयान में कहा है कि महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई महाराष्ट्र सरकार की लाडकी बहिन योजना के चलते अन्य क्षेत्रों में सब्सिडी का तय समय पर भुगतान प्रभावित हो सकता है। वहीं नितिन गडकरी के इस बयान पर विपक्ष ने राज्य सरकार को घेर लिया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि गडकरी के बयान से साफ है कि राज्य की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और यह चिंता का विषय है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, राज्य की 21-65 वर्ष की विवाहित, तलाकशुदा और निराश्रित महिलाओं को सरकार प्रति माह 1,500 रुपये देगी। इस योजना के तहत उन परिवारों की महिलाओं को शामिल किया गया है, जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपये है। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले शुरू की गई इस योजना से राज्य के खजाने पर सालाना 46,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ने का अनुमान है। रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, 'यह अनिश्चित है कि निवेशकों को समय पर उनकी सब्सिडी का भुगतान मिलेगा या नहीं, क्योंकि सरकार को लाडकी बहिन योजना के लिए धन आवंटित करना है।' उन्होंने कहा कि विदर्भ (महाराष्ट्र का क्षेत्र) के उद्यमियों को निवेश के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि सब कुछ सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता। गडकरी ने कहा, ठअगर आपको सब्सिडी मिल रही है, तो लीजिए, लेकिन यह भी निश्चित नहीं है कि सब्सिडी कब मिलेगी। लाडकी बहिन योजना शुरू होने के बाद, उन्हें सब्सिडी के लिए आवंटित धन का इस्तेमाल उसी काम के लिए करना होगा ।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र





# टेलर के चपेट में आने से स्कूटी सवार एक की मौत दो गंभीर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमुरा




वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर टेलर वाहन के चपेट में आने से तीन स्कूटी सवार में से दो की हालत गंभीर एक ही मौके पर हुई मौत प्राप्त जानकारी अनुसार के अनुसार मंगलवार को देर शाम लगभग छः बजे चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमुरा काली मंदिर मोड़ के पास वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर डाला के तरफ से एक स्कूटी पर तीन लोग सवार होकर जा रहें थे उसी दौरान ट्रेलर ने धक्का मारते हुए घटना स्थल भाग निकला जिसको स्थानीय लोग व राहगीरों ने पिछा कर ट्रेलर को मालो घाट टोल टैक्स के पास पकड़ लिया वहीं घटना में मृतक हिरा उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र धनपाल खरवार निवासी सलईबनवा पश्चिम मौके पर ही मौत हो गई बताया जा रहा जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन थाना की पुलिस व डायल 112 ने घायल विरेन्द्र उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र राम राज निवासी सलईबनवा एव अमर सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र रामप्रसाद निवासी कैम्हापान कोटा दोनों घायलों को एंबुलेंस से चोपन अस्पताल भेजवाया गया साथ ही मृतक को मौके पर मौजूद चोपन पुलिस अग्रीम कारवाई में जुटी रही।

# वृद्धाश्रम छपका में वृहद स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** मंगलवार को वृद्धाश्रम छपका राबट्र्सगंज में वृहद स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक में मुख्य अतिथि जाग्रती अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी , डा0 अश्वनी कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय, डा0 प्रेमनाथ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल एन0सी0डी0, डा0 गुलाब शंकर यादव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 सुमन जायसवाल उप मुख्य चिकित्साधिकारी, राहुल कुमार कन्नौजिया, फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक कंसल्टेंट एन0सी0डी0, आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत करते हेतु कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा, कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनो को फल, कपडा आदि का वितरण किया गया। वृद्धजनो का आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं समस्त वृद्धजनो का समय-समय पर जॉच कराने हेतु कहा गया। उक्त कार्यक्रम में डा0 निधि सीनियर प्रोफेसर नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कालेज सोनभद्र, डा0 गणेश प्रसाद जनरल फिजिशियन, एन0सी0डी0, श्वेता सिंह स्टाफ नर्स, सपना कन्नौजिया,



स्टाफ नर्स, अभिमन्यू राय, एल0टी0, अवनीश कुमार मिश्रा, काउन्सलर, एन0सी0डी0, मंजू स्टाफनर्स, महेन्द्र कुमार, स्टाफ नर्स एन0पी0एच0सी0ई0, पूजा पिप्पल, साइकाइट्रिक नर्स, एन0एम0एच0पी0, पारसनाथ, आप्टोमेट्रिस्ट जिला संयुक्त चिकित्सालय, ओमकेश आप्टोमेट्रिस्ट, पी0एच0सी0 चतरा, डा0 अन्जनी दूबे, डा0 अरविन्द सिंह, नितेश साहू फिजियोथेरेपिस्ट आर0बी0एस0के0 टीम प्रा0स्वा0 केन्द्र ककराही द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया। उक्त कैम्प में कुल 250 व्यक्तियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें कुल 150 व्यक्तियों एवं वृद्धजनो का हाईपरटेंशन एवं डायबिटीज का जॉच किया गया। 15 व्यक्तियों का कान की जाँच एवं 25 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 12 मरीज कैटरेक्ट के पाये गये जिन्हे जिला अस्पलात हेतु रेफर किया गया।

# हिंडाल्को रेनुकूट से गबन किया हुआ 31 लाख रुपए का एल्युमीनियम इंगट 10 टन पकड़ाया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** थाना पिपरी पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि हिन्डाल्को कम्पनी का माल एल्यूमिनियम कुल भार 29.825 मिट्रिक टन कीमत





9175051 रुपया है जो दिनांक-31.07.2024 को वाहन संख्या व्0२ 5761 पर लोड कर हिन्डाल्को रेनुकुट से जे0एस0डब्लू स्टील लिमिटेड डोल्वी महाराष्ट्र भेजा गया था, उपरोक्त ट्रक युनुस अंसारी पुत्र अब्दुल रसीद निवासी पोस्ट जरवा, थाना जरही, जनपद हजारीबाग (झारखण्ड) के नाम से पंजीकृत है । जो एल्यूमिनियम माल को डोल्वी महाराष्ट्र भेजा गया था अभी तक माल पहुंचा नही, रास्ते में वाहन स्वामी की साजिश से वाहन चालक द्वारा गायब कर दिया गया है । उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-119/2024 धारा 316(3), 318(4), 61(2), 319(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया । उक्त अभियोग के अनावरण, अभियुक्तो की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में थाना पिपरी की संयुक्त गठित टीम की गयी । जिस क्रम में गठित टीम द्वारा आज दिनांक 01.10.2024 को समय करीब 11.00 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना पिपरी अन्तर्गत खाडपाथर के जंगलों में एक ट्रक संख्या श्प् 12 ै 3068 लदी हुई एल्युमिनियम को दुसरी ट्रक संख्या श्प् 48 ैं 2382 में लोड़ कर रहे 10 टन एल्यूमिनियम (कीमती 31 लाख रुपये) के साथ 03 नफर अन्तर्राज्जीय अभियुक्तगण को पकड़ लिया गया गया । गिरफ्तारी व वरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी । **पूछताछ का विवरण-** गिरफ्तार अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त इस्माइल पीर मोहम्मद शेख ने बताया कि ट्रक संख्या श्प् 12 ै 3068 मेरे नाम से पंजीकृत है । मेरे सहयोगी अजमत अली, सैय्यद फजल व वारिस अली सभी लोग ट्रक ट्रांसपोर्ट व भंगार का कार्य करते है । वारिस अली ने फोन से सूचना दिया कि वह अपने साथी विद्यासागर मिश्रा व राजा मियां के माध्यम से हिन्डालको कम्पनी रेनुकूट सोनभद्र से एल्युमिनियम की सिल्ली को ट्रक संख्या व् 02 5761 की फर्जी कागजात, फर्जी एग्रीमेंट व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर औरंगाबाद व पुणे में एल्युमिनियम की सिल्ली को बेचने के उपरान्त शेष बची हुई सिल्ली को झारखण्ड व बिहार में ले जाकर छोटे-मोटे कबाडियों को बेचने की योजना बनाई थी । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -** 1- इस्माइल पीर मोहम्मद शेख पुत्र स्व0 पीर मोहम्मद निवासी अन्नासाम नगर चिचंवड 18, थाना पिपरी, जनपद पूणे, महाराष्ट्र उम्र 65 वर्ष । 2- अजमत अली उर्फ अमजद खान पुत्र आशरफ उल्लाह खान निवासी जीन्सी खास गेट, थाना जीन्सी,जनपद औरंगाबाद, महाराष्ट्र उम्र 36 वर्ष । 3- सैय्यद फजल पुत्र सैय्यद बादशाह निवासी भरत नगर बालूज, थाना बालूज, जनपद औरंगाबाद, महाराष्ट्र उम्र 37 वर्ष । **बरामदगी का विवरणः-** 1- माल एल्यूमिनियम इंगट कुल 10 टन ( कीमत 31 लाख रुपये ) । 2- ट्रक नं0 श्प् 12 ै 3068। 3- ट्रक नं0 श्प् 48 ैं 2382 । 4- एक अदद कार आई ट्वन्टी श्प् 20 एए 7778 । 5- अभियुक्तगणों के पास से कुल 5200 रुपये नगद । **गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-** 1. उ0नि0 राजेश जी चौबे, चौकी प्रभारी रेनूकूट थाना पिपरी सोनभद्र । 2. हे0का0 प्रकाश सिंह, सर्विलांस टीम, जनपद सोनभद्र । 3. का0 प्रदीप कुमार, का0 सिकन्दर सरोज, थाना पिपरी सोनभद्र ।

# जनपद सोनभद्र में आयोजित मलखम्भ प्रतियोगिता का किया गया समापन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** उ0प्र0 वार्षिक खेलकूद-2024 में निर्धारित खेलकूद के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक,



अध्यक्ष जोनल खेलकूद समिति वाराणसी जोन के अनुमोदनोपरान्त वाराणसी जोन की अन्तर जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30.09.2024 से 01.10.2024 तक जनपद सोनभद्र के पुलिस लाइन में सम्पन्न करायी जानी थी। उपरोक्त आयोजित मलखम्भ प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा दिनांक 30.09.2024 को किया गया । जिसका समापन आज दिनांक 01.10.2024 को हुआ । इस प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के 10 टीमों को प्रतिभाग करना था। जिसमें जनपद सोनभद्र, गाजीपुर, भदोही एवं आजमगढ़ की टीमों ने प्रतिभाग किया। अपरिहार्य कारणों से जनपद मीरजापुर, बलिया, जौनपुर, मऊ, चन्दौली, एवं वाराणसी की टीमें प्रतिभाग नही कर सकी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों द्वारा खेल भावना तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में अनुशासित रहते हुए अपने खेल का प्रदर्शन किया गया । प्रतियोगिता मे सामूहिक टीम में जनपद सोनभद्र द्वारा सर्वाधिक 83 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जबकि जनपद आजमगढ़ की टीम ने 33 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा को स्मृत्ति चिन्ह प्रदान किया गया । समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा विजेता टीम सोनभद्र को विजेता शील्ड दी गयी तथा प्रतियोगिता में आरक्षी सूरज यादव जनपद सोनभद्र की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किये साथ ही साथ प्रतिभाग करने वाली अन्य टीमों को भी पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार, क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी राज सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक मु0 नदीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे । गाजीपुर, भदोही एवं आजमगढ़ की टीमों ने प्रतिभाग किया। अपरिहार्य कारणों से जनपद मीरजापुर, बलिया, जौनपुर, मऊ, चन्दौली, एवं वाराणसी की टीमें प्रतिभाग नही कर सकी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों द्वारा खेल भावना तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में अनुशासित रहते हुए अपने खेल का प्रदर्शन किया गया । प्रतियोगिता मे सामूहिक टीम में जनपद सोनभद्र द्वारा सर्वाधिक 83 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जबकि जनपद आजमगढ़ की टीम ने 33 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा को स्मृत्ति चिन्ह प्रदान किया गया । समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा विजेता टीम सोनभद्र को विजेता शील्ड दी गयी तथा प्रतियोगिता में आरक्षी सूरज यादव जनपद सोनभद्र की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किये साथ ही साथ प्रतिभाग करने वाली अन्य टीमों को भी पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र श्री कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार, क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी राज सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक मु0 नदीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिको व उनके आश्रितो को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** कैप्टन (नौ सेना) आशुतोष चैधरी (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद में निवास करने वाले पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितें/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क 480 घण्टे इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण (ओ लेबल स्तर का) 30 दिन का एस0एस0बी0 कोचिंग, 300 घण्टे कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स तथा 180 घण्टे कम्प्यूटर टैली कोर्स कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण के लिए इच्छित समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि ईच्छुक अभ्यर्थी अपना नाम जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय कमरा नं0-52 विकास भवन, सोनभद्र में 06 अक्टूबर,2024 तक देने का कष्ट करें एवं इस निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठायें।

# समाज कल्याण राज्य मंत्री ने पटवध-बसुआरी मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण



(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**गुरमा,सोनभद्र।** ओबरा विधानसभा के बहुप्रतीक्षित नव निर्माणाधीन पटवध-बसुआरी का मंगलवार के दिन समाज कल्याण एंव अनुसूचित जनजातीय राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने स्थलीय निरिक्षण कर मानक एंव गुणवत्ता की हकीकत जानी उसके बाद जनहित मे जल्द से जल्द मार्ग का निर्माण पुरा करने के लिए संबधित अधिकारियो को निर्देश दिया। इस अवसर मे मंत्री ने कहा की यह मार्ग निर्माण हो जाने पर आदिवासी क्षेत्र के दर्जनो गांवो समेत माता अमिला धाम जाने वाले श्रदालुओ को रास्ता सुगम हो जाएगा इस अवसर पर डाला मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे पीडब्लूडी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अभ्योदय व एकलव्य कोचीन मे अधिकारी कर रहे है भ्रष्टाचारःछात्र

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को दर्जनों छात्राओं द्वारा



कोचिंग संस्थान में अध्यापकों का सुचारू रूप से उपस्थित न होने के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी नामित ज्ञापन सीडीओ को देखकर छात्राओं ने बुलंद की आवाज । छात्रों ने बताया कि छात्रों के लिए मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी अभ्योदय व एकलव्य कोचीन मे अधिकारी कर रहे है भ्रष्टाचार सरकार की योजनाओं को अधिकारी लगा रहे पलीता अभ्युदय कोचिंग योजना का सही तरीके से नही हो रहा संचालन अध्यापकों के अभाव में छात्रों की पढ़ाई हो रही बाधित समाज कल्याण अधिकारी कोई जवाब देने से भागते फिर रहे है समाज कल्याण अधिकारी की कार को छात्रों ने रोका कोचिंग के छात्रों ने जिलाधिकारी और सीडीओ से किया शिकायत जेईई और नीट की तैयारी कर रहे है छात्र-छात्राये कोचिंग में अध्यापक नियुक्त करने अथवा कोचिंग टाइम बढ़ाने की मांग को लेकर बुलंद की आवाज इस मौके पर नेहा,अंजली,स्वेता,अंजली,अमृता,खुशबू,अंगद,महेश,संदीप,मनीष सहित अन्य मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सीडीओ ने दिखाई हरि झंडी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक



अभियान के तृतीय चरण के सफल संचालन हेतु संचारी रोग अभियान का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैम्पस से हरी झण्डी दिखाकर किया गया रैली में स्वास्थ विभाग से समस्त अपरध्उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगरीय प्रा0स्वा0केन्द्र की समस्त आशा, ए0एन0एम0 व समस्त कर्मचारी, कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी के समस्त अधिकारी कर्मचारी, बाल विकास पुष्टहार विभाग की नगरीय आंगनबाडी, नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मी, अधिशासी अधिकारी, इत्यादि उपस्थित रहे। दिनांकः 01-31 अक्टूबर, तक संचारी अभियान तथा दिनांकः 11-31 अक्टूबर, तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इसी क्रम में पूर्वान्ह 11रू30 बजे से कलेक्टेट सभागार मे संचारी अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। नवीन घटक के रूप में आशा द्वारा नान कम्युनिकेबल डिजीज के 30 वर्ष के ऊपर के 5 पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए सी बैंक फार्म पूर्ण किया जायेगा। साथ ही ई-कवच पोर्टल पर रोगियों की लिस्ट अपडेट की जायेगी, रैली के माध्यम से नगर वासियों को संक्रामक रोग से बचने हेतु जागरूक किया गया।

# 112 लोगों ने थामी भाजपा की सदस्यता:अजीत रावत



(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित वार्ड नंबर 13 स्थित भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता महापर्व अभियान के क्रम में मंगलवार को कैंप लगाकर 112 लोगों को दिलाई गई भाजपा की सदस्यता दी गई शुभकामनाएं। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने लोगों को सदस्यता दिलाते हुए 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में लोगों को भी किया प्रेरित वही सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश सदस्य रामचंद्र कनौजिया के दिशा निर्देश के क्रम भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचकर लोगों को सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। श्री रावत ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें पदाधिकारी इस मौके पर पूर्व सभासद नगर पालिका अमन वर्मा ,वरिष्ठ भाजपा नेता राजू मिश्रा ,आलोक रावत, संजय पासवान ,रमेश भारती आदि लोग रहे।

# एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र एवं एक निजी अस्पताल वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य का



आयोजन किया गया। डॉक्टरों ने इलाज किया और परीक्षण करने के बाद जरूरी दवाइयां भी लिखीं एवं कुछ आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रहे अजय शेखर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य सबसे प्रमुख और मूल्यवान पहलू है। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज में सक्रिय और सकारात्मक योगदान दे सकता है। संगठन के अध्यक्ष कौशल कुमार शर्मा ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना था जो नियमित रूप से चिकित्सा सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहें है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कई महत्वपूर्ण खूबियां होती हैं जो उन्हें समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। डॉक्टर हमारे समाज की रीढ़ है जो निस्वार्थ भाव से समाज को स्वस्थ रखने के लिए दिन-रात सेवा करता है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिला लंबे समय से फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या से जूझ रहा है। सोनभद्र के कई क्षेत्र में भूजल में फ्लोराइड का स्तर मानक से अधिक पाया गया है जिसकी वजह से यहां के लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में पैदा होने वाले नवजात शिशु में इसका मुख्य रूप से असर देखने को मिल रहा है पानी में क्लोराइड की मात्रा अधिक होने से पैदा होने वाले बच्चों के अंग टेढ़े-मेढ़े होते हैं जो आगे चलकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का रूप ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन ने फ्लोराइड समस्या से निपटने के लिए कई उपाय की है जैसे समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच और जागरूकता अभियान भी चलाया है मगर मरीज़ अभी भी भारी संख्या में देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है और व्यापार संगठन इसके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। एक निजी अस्पताल से आए डॉक्टरों के पैनल के लीडर गौतम सिंह ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में लोगों को जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि सोनभद्र में मुख्य रूप से हड्डियों के मरीजों की संख्या ज्यादा देखी गई है उन्होंने यह भी बताया कि इसकी एक रिपोर्ट बनाकर जिले के संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के समापन में उत्तर प्रदेश उदय व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए एवं पैनल के सभी डॉक्टरों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिपाल सिंह ,प्रशांत जैन, जसकीरत सिंह ,शरद जायसवाल, रवि जायसवाल, सिद्धार्थ सांवरिया ,सुशील पाठक, विनोद जायसवाल, अमित अग्रवाल ,अमित केसरी, प्रतीक केसरी ,धर्मेंद्र प्रजापति, अमित वर्मा, कृष्णा सोनी, दिलकरण ,टीपू अली, शिवनाथ मेहता ,दिनेश सिंह ,दीप पटेल, कुशाग्र आदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स








पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने दिया इस्तीफा

## रोहित ने एक हाथ से हवा में उड़कर लिया बेहतरीन कैच, बल्लेबाज लिटन दास भी रह गए हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन



पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में बारिश ने खूब परेशान किया। पहले दिन 35 ओवर का खेल होने के बाद अगले दो दिन खेल नहीं हो सका। चौथे दिन फिर से खेल की शुरुआत हुई और बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी को तीन विकेट पर 107 रन से आगे बढ़ाया। हालांकि, चौथे दिन कप्तान रोहित शर्मा ने एक ऐसा कैच लिया, जिसने बल्लेबाज से लेकर अंपायर, फैंस और साथी खिलाड़ियों को हैरान कर दिया। इसका वीडियो भारतीय क्रिकेट टीम ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। दरअसल, बांग्लादेश की पहली पारी के 50वें ओवर में सिराज गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की तीसरी गेंद पर लिटन ने सिराज को चार्ज करना चाहा और एक आक्रामक शॉट खेला। गेंद हवा में मिड ऑफ पर गई। लिटन ने गेंद पर जोरदार हिट लगाया था और आमतौर पर ऐसे शॉट पर गेंद चौके के लिए जाती है। हालांकि, मिड ऑफ पर तैनात रोहित ने हवा में उछले और एक हाथ से कैच लिया। इसके बाद सिराज, कोहली समेत बाकी खिलाड़ी उन्हें बधाई देने पहुंचे। वहीं, लिटन को तो यकीन नहीं हुआ। वह कुछ सेकंड तक क्रीज पर ही खड़े रहे और रोहित को घूरते रहे। लिटन 13 रन बना सके। बांग्लादेश की पहली पारी की बात करें तो सोमवार को कानपुर टेस्ट का चौथा दिन है और बांग्लादेश ने खबर लिखे जाने तक छह विकेट पर 180 से ज्यादा रन बना लिए हैं। बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया और तीन विकेट और गंवा दिए। लिटन दास के अलावा मुशफिकुर रहीम (11) और शाकिब अल हसन (9) भी पवेलियन लौट चुके हैं। मोमिनुल हक ने अर्धशतक लगाया।

## खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए फ्रेंचाइजी को मिलेगा इतना वक्त, सामने आई डेडलाइन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शीर्ष परिषद ने आईपीएल फ्रेंचाइजी को पिछली टीमों में से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी है। इसमें नीलामी में एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा। आईपीएल 2025 सीजन से पहले होने वाली बड़ी नीलामी को देखते हुए रिटेंशन नियम पर फैसला हो गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि आईपीएल टीमों के पास नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए डेडलाइन तय कर दी गई है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, टीमों के पास खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए 31 अक्तूबर तक का समय है।




नीलामी से पहले शीर्ष परिषद की बैठक शनिवार को बेंगलुरु में हुई थी। इस बैठक में रिटेंशन सहित कई अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया गया था।शीर्ष परिषद ने आईपीएल फ्रेंचाइजी को पिछली टीमों में से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी है। इसमें नीलामी में एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा। कोई भी फ्रेंचाइजी छह में से भारतीय और विदेशी मिलाकर अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन कर सकेगी। यानी अगर किसी टीम ने पांच कैप्ड खिलाड़ी लिया है तो उसे छठा खिलाड़ी अनकैप्ड रिटेन करना होगा। शीर्ष परिषद की बैठक में यह भी फैसला किया गया था कि यदि कोई भारतीय खिलाड़ी पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेला है तो उसे अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा। आईपीएल के अनुसार, अगर कोई कैप्ड भारतीय खिलाड़ी संबंधित सीजन के आयोजन से पहले के पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकदाश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई के साथ केंद्रीय अनुबंध नहीं है, तो वह अनकैप्ड हो जाएगा। यह नियम सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा, लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीलामी के लिए फ्रेंचाइजी का पर्स भी बढ़ाया गया है, अब हर फ्रेंचाइजी के पास नीलामी के लिए 120 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध होगा। विदेशी खिलाड़ियों को नीलामी के लिए कराना होगा पंजीकरण किसी भी विदेशी खिलाड़ी को बड़ी नीलामी में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराना होगा। अगर कोई विदेशी खिलाड़ी पंजीकरण नहीं कराता है तो वह अगले वर्ष की मिनी नीलामी में शामिल होने के लिए अयोग्य होगा।

## अरुण धूमल और अविषेक डालमिया को आईपीएल संचालन समिति में मिली जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जय शाह कुछ दिनों पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन निर्विरोध चुने गए थे। शाह एक दिसंबर से यह पद संभालेंगे और आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर उनका कार्यकाल तीन साल की अवधि तक के लिए होगा। माना जा रहा है कि शाह नवंबर के आखिरी सप्ताह में बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की बेंगलुरु में रविवार को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) हुई जिसमें कुछ अहम निर्णय लिए गए। चूंकि इस बैठक के एजेंडे में हैं। इस स्थिति में ऐसा नहीं होना चाहिए कि सभी चीजों को एक ही समय पर संभालना पड़े। मौजूदा स्थिति में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया और गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल ऐसे उम्मीदवार हैं जो शाह का उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में हैं। चयन प्रक्रिया के आगे के चरण में अगर कोई छुपा रुस्तम सामने नहीं आया तो इन्हीं नामों में से कोई शाह का उत्तराधिकारी बनेगा। अरुण सिंह धूमल और अविषेक




नए सचिव की नियुक्ति शामिल नहीं थी, इसलिए फिलहाल जय शाह की जगह अगले सचिव की घोषणा नहीं हुई। हालांकि, इस बैठक में मौजूद सदस्यों ने जय शाह से उनकी जगह अगला सचिव खोजने की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया। जय शाह कुछ दिनों पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन निर्विरोध चुने गए थे। शाह एक दिसंबर से यह पद संभालेंगे और आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर उनका कार्यकाल तीन साल की अवधि तक के लिए होगा। माना जा रहा है कि शाह नवंबर के आखिरी सप्ताह में बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ेंगे। एजीएम के दौरान सदस्यों ने अगला सचिव चुनने की प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए आपस में चर्चा की है। एजीएम में भाग लेने वाले एक राज्य संघ के प्रतिनिधि ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, यह सभी उचित प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द लागू करने का एक सामान्य अनुरोध था क्योंकि इससे हमारे लिए स्पष्टता होगी। इसके अलावा, हमारे पास आईपीएल नीलामी जैसे कुछ बड़े आयोजन भी आने वाले डालमिया को आईपीएल संचालन समिति (जीसी) के लिए आम सभा (जनरल बॉडी) के प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। धूमल का कम से कम आईपीएल 2025 तक लीग के अध्यक्ष के रूप में बने रहना तय था। आंध्र के पूर्व क्रिकेटर वी. चामुंडेश्वरनाथ को भारतीय खिलाड़ी संघ (आईसीए) द्वारा खिलाड़ियों के प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया था और उन्हें आईपीएल जीसी में शामिल किया गया था। एजेंडे में सचिव चुनाव नहीं होने के कारण एजीएम का मुख्य मसौदा आईसीसी बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का नाम तय करना था। वर्तमान में शाह आईसीसी बोर्ड में बीसीसीआई के प्रतिनिधि हैं और आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल मुख्य कार्यकारी समिति में हैं। एजीएम ने सामान्य निकाय के सदस्यों को पदों के लिए जल्द ही दो नामों (निदेशक और वैकल्पिक निदेशक) की सिफारिश करने का काम सौंपा हैं क्योंकि आईसीसी ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल के ठीक बाद दुबई में एक सम्मेलन भी निर्धारित किया है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने दिया इस्तीफा, जानें क्या रहा कारण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति




का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। युसूफ इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप टीम चयन समिति का हिस्सा थे। पाकिस्तान का प्रदर्शन इस वैश्विक टूर्नामेंट में काफी निराशाजनक रहा था और टीम ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही थी। इस साल जुलाई में उन्हें और असद शफीक को चयन समिति में बरकरार रखा गया था। यूसुफ ने एक्स पर लिखा, मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है। मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। यूसुफ ने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय सीनियर टीम के बल्लेबाजी कोच और पाकिस्तान अंडर -19 टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया है। वह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए एक अनिश्चित काल में चयनकर्ता रहे हैं जहां चयन समिति और इससे जुड़ी प्रणाली को बार-बार बदला गया है। इस वर्ष चयन समिति और प्रणाली में कम से कम दो बार बदलाव हुए हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इस साल मार्च में पुनर्गठित पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति की घोषणा की। इसमें सात सदस्य होंगे जिनमें से प्रत्येक के पास समान अधिकार होंगे और चयन से जुड़ा फैसला बहुमत के आधार पर होगा। यूसुफ के करीबी एक सूत्र ने कहा कि यह पूर्व बल्लेबाज अपनी आलोचनाओं से खुश नहीं था। उन्हें सबसे ज्यादा निराशा पीसीबी के हितधारकों और जूनियर खिलाड़ियों से मिली आलोचना से हुई। सूत्र ने कहा, वह मीडिया और सोशल मीडिया पर नियमित रूप से आलोचना किए जाने से असहज थे और उन्हें लगा कि उनके लिए सिर्फ कोचिंग पर ध्यान केंद्रित करना अच्छा होगा।

## युवा सनसनी बनकर उभरे बिहार के मयंक यादव, पिता का यह सपना पूरा किया, अब रफ्तार से मचाएंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'राजधानी एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर हुए बिहार के लाल मयंक यादव अब भारतीय टीम के लिए गेंदबाजी करते दिखेंगे। 22 साल के इस तूफानी गेंदबाज को



बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह दी गई है। मयंक ने आईपीएल 2024 में अपनी रफ्तार और बाउंसर से कहर बरपाया था। लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए खेलते हुए उन्होंने चार मैचों में सात विकेट झटके थे। मयंक ने डेथ ओवर्स में गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचने दिया था। वह हर गेंद 150् किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंक सकते हैं। हालांकि, आईपीएल के बाद वह चोटिल हो गए थे और अब उनकी वापसी होने जा रही है। मयंक अपनी रफ्तार का कहर बांग्लादेश के खिलाफ बरपाने को तैयार हैं। राष्ट्रीय टीम में चयन के साथ ही उन्होंने पिता प्रभु यादव के सपने को भी पूरा किया। भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज की शुरुआत छह अक्तूबर से होने जा रही है। मयंक का जन्म जून 2002 में दिल्ली में हुआ था। हालांकि, उनके दिवंगत दादा हरिश्चंद्र यादव बिहार के सुपौल जिले के मरौना दक्षिण पंचायत के रतहो गांव के रहने वाले थे। मयंक के पिता दिल्ली शिफ्ट हो गए थे, तब से मयंक भी वहीं रह रहे हैं, लेकिन वह गांव आते जाते रहे हैं। गांव के लोगों के अनुसार मयंक बहुत सीधे और सरल स्वभाव के हैं। उन्होंने दिल्ली में रहकर ही 12वीं की परीक्षा पास की है। वह दिल्ली के लिए ही घरेूल क्रिकेट भी खेलते हैं। मयंक के पिता प्रभु क्रिकेटर बनना चाहते थे, पैसे ना होने के कारण रोड पर खड़े होकर दूसरे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखते थे। आज प्रभु यादव का बेटा भारत का सबसे बड़ा स्पीड स्टार बन चुका है। प्रभु जो न कर पाए, आज उनके बेटे ने कर दिखाया है। मयंक ने आईपीएल में अपने डेब्यू मैच में तीन विकेट लेकर धमाल मचा दिया था और क्रिकेट की दुनिया में तूफानी एंट्री ली थी। मयंक ने आईपीएल 2024 सीजन की सबसे तेज गेंद यानी की 156.7 की स्पीड से गेंद फेंकने का रिकॉर्ड भी बनाया था। प्रभु यादव ने अप्रैल मे बताया था कि मयंक ने सात साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलनी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा, 'इसके बाद मैंने उसे क्रिकेट एकेडमी में शामिल होने के लिए कहा और तब से इस सफर की शुरुआत हो गई। ये मेरा सपना था जिसे अब वो जी रहा है। मैं भी क्रिकेटर बनना चाहता था। मुझे याद है कि जब मैं सड़कों पर खड़े होकर मैच देखा करता था।

## बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित की, मेहदी हसन की टीम में वापसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मैच छह




अक्तूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा। इसके बाद शेष दो मुकाबले नौ और 12 अक्तूबर को क्रमशः दिल्ली और हैदराबाद में होंगे। भारत ने भी इस सीरीज के लिए शनिवार को सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम घोषित की थी। बांग्लादेश ने छह अक्तूबर से भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए रविवार को टीम घोषित कर दी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इसके लिए मेहदी हसन मिराज को टीम में जगह दी है जिनकी 14 महीनों के बाद बांग्लादेश टीम में वापसी हुई है। मेहदी इस साल टी20 विश्व कप में भी नहीं खेले थे और उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। बांग्लादेश ने इस सीरीज के लिए अच्छा स्पिन आक्रमण शामिल किया है जिसमें मेहदी, रकीबुल हसन और रिशाद हुसैन शामिल हैं। विश्व कप में नहीं खेलने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर रकीबुल और बाएं हाथ के बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन की भी टीम में वापसी हुई है। दिसंबर 2020 में परवेज ने बंगबंधु टी20 कप में 42 गेंदों पर शतक जड़ा था। हालांकि, उन्होंने अब तक सिर्फ तीन टी20 मैच खेले हैं। दूसरी तरफ, रकीबुल 2020 अंडर-19 विश्व कप में बांग्लादेश की टीम में शामिल थे। उन्होंने 2022 में जूनियर टीम का भी प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल एशियाई खेलों के दौरान डेब्यू करने वाले रकीबुल ने तीन टी20 मैच खेले हैं। नजमुल हुसैन शांतो इस 15 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे जिसमें तौहीद ह्रदोय और तंजिद हसन तमीम जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मैच छह अक्तूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा। इसके बाद शेष दो मुकाबले नौ और 12 अक्तूबर को क्रमशः दिल्ली और हैदराबाद में होंगे। भारत ने भी इस सीरीज के लिए शनिवार को सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम घोषित की थी। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है...नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद ह्रदोय, महमूदुल्लाह, लिटन कुमार दास, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब , रकीबुल हसन।

## श्रीलंका के प्रदर्शन में सुधार के बाद सनथ जयसूर्या जारी रखेंगे मुख्य कोच की भूमिका सामने आई जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्रिस सिल्वरवुड के जून के अंत में जाने के बाद श्रीलंका क्रिकेट ने मुख्य कोच पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। जयसूर्या के नेतृत्व में टीम के प्रदर्शन में सुधार के बाद बोर्ड ने जयसूर्या को लंबी अवधि के लिए जिम्मेदारी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी सनथ जयसूर्या का मुख्य कोच के रूप में करार एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। श्रीलंका टीम ने पिछले कुछ महीनों में सफलता हासिल की है, जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट उनका कार्यकाल बढ़ाने पर विचार कर रहा है। श्रीलंका ने भारत को वनडे सीरीज में हराया, इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में टेस्ट मैच जीता और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में ग्रीन स्वीप किया।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# सम्पादकीय

## गांधीजी की कल्पना का भारत विभाजन को क्यों किया स्वीकार

गांधीजी की 155वीं जयंती पर बापू का स्मरण स्वाभाविक है। स्वाधीनता तक उन्होंने देश की नियति और दिशा, दोनों निर्धारित की थीं। आज जब देश में उनके नाम पर राजनीति करने वाले भारत को एक राष्ट्र न मानकर राज्यों के समूह के तौर पर परिभाषित करते हैं, तब गांधीजी की कल्पना में 'भारत क्या है', उस पर विचार आवश्यक हो जाता है। गांधीजी ने 'हिंद स्वराज' में लिखा था अंग्रेजों ने सिखाया है कि आप एक राष्ट्र नहीं थे और एक-राष्ट्र बनने में आपको सैकड़ों वर्ष लगेंगे। यह बात बिल्कुल निराधार है। दो अंग्रेज जितने एक नहीं, उतने हम भारतीय एक थे और एक हैं...।' इस संबंध में गांधीजी की विरासत पर दावा करने वालों के विचार में आए परिवर्तन का कारण, उनका वह औपनिवेशिक चिंतन और वामपंथी दर्शन है, जिसमें भारतीय सांस्कृतिक पहचान के प्रति अकूत घृणा और प्रत्येक विषय पर भारतीय दृष्टिकोण का गहरा अभाव है।गांधीजी आस्थावान सनातनी हिंदू थे। वह 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति' के दर्शन से प्रेरणा पाते थे और उन्होंने रामराज्य को सुशासन का पर्याय माना। अक्सर वामपंथियों, स्वयंभू गांधीवादियों के साथ मुस्लिम नेताओं का एक वर्ग अयोध्या में विवादित ढांचे के ध्वंस को 'कलंक' बताता है। वास्तव में वह विशुद्ध गांधीवादी समाधान था। गांधीजी ने 'यंग इंडिया' में एक प्रश्न का इस प्रकार उत्तर दिया था, 'अगर 'अ' का कब्जा अपनी जमीन पर है और कोई शख्स उस पर कोई इमारत बनाता है, चाहे वह मस्जिद ही हो, तो 'अ' को यह अख्तियार है कि वह उसे गिरा दे। अगर उसे उखाड़ डालने की इच्छा या ताकत 'अ' में न हो, तो उसे यह हक बराबर है कि वह अदालत में जाए और उसे अदालत द्वारा गिरवा दे।गांधीजी ने सदैव भारतीय समाज को स्वावलंबी बनाने हेतु खादी और कुटीर उद्योग के लिए प्रोत्साहित करने के साथ गोसंरक्षण पर बल दिया। मतांतरण का विरोध किया। अपने बाल्यकाल का स्मरण करते हुए उन्होंने लिखा था कि कैसे ईसाई मिशनरी स्कूलों के बाहर खड़े होकर हिंदुओं और उनके देवी-देवताओं के बारे में अपशब्द बोलते थे और हिंदुओं को ईसाई बनाकर गोमांस खाने आदि के लिए विवश करते थे। विडंबना यह है कि वर्तमान समय में स्वयंभू गांधीवादी छल-बल-लालच प्रेरित मतांतरण के प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन में, जबकि गोरक्षा के विरोध में खड़े नजर आते हैं। यह भी विडंबना है कि कथित गांधीभक्त यह बताना पसंद नहीं करते कि बापू हर किस्म के अन्याय के विरोधी थे। कुछ आलोचक गांधीजी को विभाजन और उसकी रक्तरंजित विभीषका के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। हालांकि सच यह है कि देश को इस त्रासदी से बचाने के लिए उन्होंने भरसक प्रयास किए थे। उनकी नीयत एवं दृष्टि निष्कलंक, परंतु नीति त्रुटिपूर्ण थी। वह सोचते थे कि तुष्टीकरण से विभाजन की पक्षधर मजहबी मानसिकता परास्त हो जाएगी, इसलिए उन्होंने खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व करने के साथ जिन्ना को अविभाजित भारत का प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव तक दिया। जब इस्लाम के नाम पर विभाजन अपरिहार्य हो गया, तब उन्होंने दूरदर्शी नीति अपनाते हुए पाकिस्तान में बसने की इच्छा जताई थी। यदि ऐसा होता, तो तीन संभावनाएं बन सकती थीं। पहला, वह पाकिस्तान में आम नागरिक की भांति रहते। दूसरा, जिन्ना उन्हें गिरफ्तार करके जेल में डाल देते। तीसरा, किसी झूठे मामले में फंसाकर गांधीजी को फांसी पर लटका देते। इन तीनों सूरतों में पाकिस्तान कुछ वर्षों में ही बिखर सकता था, क्योंकि उस समय जिन क्षेत्रों को मिलाकर पाकिस्तान बनाया गया था, वहां तब मुस्लिम लीग से कहीं अधिक गांधीजी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता थी। आखिर गांधीजी ने विभाजन को क्यों स्वीकार किया? उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की भांति इच्छाशक्ति क्यों नहीं दिखाई? लिंकन ने अमेरिका में दासप्रथा के बजाय गृहयुद्ध को चुना? जब खिलाफत आंदोलन जनित सांप्रदायिक दंगों में हिंदुओं पर कई जगह जिहादियों का कहर टूटा, तब गांधीजी को शायद संकेत मिल गया था कि देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का वांछित सामर्थ्य, शौर्य और संकल्पबल तत्कालीन हिंदू समाज में नहीं था। इस संबंध में उन्होंने 'यंग इंडिया' के एक आलेख में हिंदुओं को 'दब्बू' और मुसलमानों को 'धींग' कहकर संबोधित किया था। इसी पृष्ठभूमि में कांग्रेस से त्यागपत्र देकर डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने भारतीय समाज को सुरक्षित और संगठित करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। इसमें संदेह नहीं कि गांधीजी ने स्वतंत्रता आंदोलन में महती भूमिका निभाई और उसके मुख्य कर्णधार रहे, परंतु इसका श्रेय अकेले उन्हें देना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने अपने बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ नूतन प्रयोग करके न केवल स्वाधीनता की लौ जलाए रखी, बल्कि ब्रिटिश कुटिलता को कई अवसरों पर निष्प्रभावी भी किया। वर्ष 1932 का पूना समझौता इसका जीवंत प्रमाण है।

# द टिन ड्रम- तमस के खिलाफ जंग

टिन ड्रम' नोबेल पुरस्कृत गुंटर ग्रास की पहली रचना है। 32 साल की उम्र में रचित उपन्यास के साथ उन्हें विश्व प्रसिद्धि मिल गई। अब तक इसके अनगिनत संस्करण निकल चुके हैं। टाइम पत्रिका ने घोषणा की यह जर्मन साहित्य का 'सर्वाधिक शानदार उदाहरण' है। 'युद्ध के बाद कहीं से भी सुनी गई कदाचित महाआविष्कृत प्रतिभा।'प्रौढ़ उपन्यास 'टिन ड्रम' नोबेल पुरस्कृत गुंटर ग्रास की पहली रचना है। 32 साल की उम्र में रचित उपन्यास के साथ उन्हें विश्व प्रसिद्धि मिल गई। दुनिया की तमाम भाषाओं में उनकी कृति का अनुवाद हुआ है। जर्मन नाम 'डी ब्लेख्ट्रोमेल' है। 'टीन का ढोल बजाना' मुहावरे का अर्थ उत्पात मचाना है। विपुल लेखन-पुरस्कार-सम्मान वाले गुंटर ग्रास की इस कृति पर फिल्म (निर्देशनः वोल्कर सोन्डोर्फ) बनी।निरंतर अपना नगाड़ा पीटते रहने वाले नायक के उपन्यास पर ग्रास लिखते हैं, '1959 की गर्मियों में मैंने पेरिस में अपना पहला उपन्यास, 'द टिन ड्रम' लिख कर समाप्त किया।' उन्होंने प्रूफ ठीक कर, डस्ट जैकेट के लिए एक चित्र रचा, तभी न्यूयॉर्क से विख्यात प्रकाशक कर्ट वोल्फ ने कहा, 'मैं तुम्हारी किताब अमेरिका में प्रकाशित करने की सोच रहा हूं। क्या तुम सोचते हो, अमेरिकी पाठक इसे समझेगा?'ग्रास ने कहा, 'मुझे नहीं लगता है।' उपन्यास की सेटिंग क्षेत्रीय है, डेजिन्ग भी नहीं बल्कि एक खास इलाका। जर्मन की स्थानीय बोली से भरा हुआ। वोल्फ ने ग्रास को बीच में काटते हुए कहा, 'और कुछ मत कहो, सारा महान साहित्य स्थानीयता से बद्धमूल होता है। मैं इसे अमेरिका में ला रहा हूं।'अब तक इसके अनगिनत संस्करण निकल चुके हैं। टाइम पत्रिका ने घोषणा की यह जर्मन साहित्य का 'सर्वाधिक शानदार उदाहरण' है। 'युद्ध के बाद कहीं से भी सुनी गई



कदाचित महाआविष्कृत प्रतिभा।'1899 के काल से प्रारंभ होने वाले उपन्यास का टोन एक साथ त्रासद, कटाक्षपूर्ण, कामुक, धर्म विरोधी, ईशनिंदक और भयानक है। तीन खंड में विभाजित उपन्यास 'द टिन ड्रम' दूसरे विश्व युद्ध के बाद ख़त्म होता है। उपन्यास के पीछे ग्रास की बूर्जुआ परवरिश और उनका स्कूली शिक्षा समाप्त न कर पाना कारण रहा हैं। 13 अप्रैल, 2015 को गुंटर ग्रास की मृत्यु पर जर्मनी की सांस्कृतिक मंत्री मोनिका ग्रुएटर्स ने कहा, गुंटर ग्रास सदियों तक स्मरण किए जाएंगे। उनकी साहित्यिक विरासत गोथे के पार्श्व में खड़ी रहेगी। जब तक इस दुनिया में अत्याचार रहेगा गुंटर ग्रास का नगाड़ा बजता रहेगा, हमें अत्याचार के प्रति सचेत करता रहेगा। उपन्यास के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्पाठ का काम निरंतर होता रहता है। 'द टिन ड्रम' किसी वर्जना को नहीं मानता है... बारम्बार कथानक वर्जित क्षेत्र में प्रवेश करता है, जहां घृणा और कामुकता, मृत्यु और ईशनिंदा का मिश्रण है। मगर यह अमेरिकन स्कूल की पोर्नोग्राफी के विभिन्न तथा तथाकथित 'स्टार्क रियलिज्म' से भिन्न है। इसका श्रेय ग्रास की चित्रण वस्तुनिष्ठता है। विकृत रति 'द टिन ड्रम' का एक प्रमुख तत्व है। यौनिकता से लबालब 'द टिन ड्रम' विभिन्न यौन संबंध दर्शाता है। अधिकतर ऐसे संबंध विवाहेतर हैं।बाल शोषण, समलैंगिक संबंध, हत्या, लूटपाट, चोरी, बेवफाई यहां चित्रित है। सब कुछ जुगुप्सा से भरा और अस्पष्ट है। नायक ऑस्कर कई लोगों की यौन क्रियाओं को देखता है, खुद विकृत संबंध रखता है। वह 'अमोरल' है। तामसिक काल के 'द टिन ड्रम' का नायक ऑस्कर बहुत क्रूर है। कूबड़ उसकी विकृति, समाज की विकृति का प्रतीक है। अपराधबोध से घिरा ऑस्कर हत्या न करके भी हत्या अपने सिर ले लेता है। हिटलर की जघन्यता को सामने लाता है। अंत में नायक ऑस्कर मानसिक अस्पताल में एक गीत गाता है, जो दुष्ट ब्लैक कुक से संबंधित है।रूसी लोग ऑस्कर के पिता को मार डालते हैं, औरतों का बलात्कार करते हैं। मनहूस-असहनीय दुनिया में ऑस्कर रहना नहीं चाहता है। वह जानबूझ कर मानसिक अस्पताल में भर्ती है। जटिल कथानक का नायक ऑस्कर तीन साल की उम्र में तीन फुट से अधिक बढ़ने से जिदपूर्वक इंकार कर देता है। उसे 'तीन गुणा अधिक स्मार्ट, बड़े मजबूत लोगों से बहुत नीचे रहते हुए उनसे कई गुणा बेहतर, अव्वल, उनकी छायाओं से अपनी छाया नापने की आवश्यकता अनुभव नहीं हुई, बाहर और भीतर से भी पूरी तरह परिपक्व था।' 600 पन्नों का 'टिन ड्रम' पढ़ना एक चुनौती है। वाक्य लंबे, जटिल और शैली अनोखी, अतार्किक क्रम, स्वप्न-सी विचित्र बातें हैं। इस पर बनी एबसर्ड, भयंकर और ब्लैक कॉमेडी फिल्म में वॉइज-ओवर का प्रयोग करते हुए जर्मनी के इतिहास, हिटलर के उदय और नाजी पार्टी की शक्ति और प्रभाव को चित्रित किया है। फिल्म गुंटर ग्रास के सहयोग, विशेष रूप से संवाद लेखन में सहायता से बनाई है।सर्वोत्तम विदेशी फिल्म का अकादमी पुरस्कार फिल्म में सेविड बेनेट, मारिया एडोर्फ, एंजेला विंकलर तथा डैनियल ऑल्ब्रा ने प्रमुख भूमिकाएं की हैं। फिल्म को सर्वोत्तम विदेशी फिल्म का अकादमी पुरस्कार मिला। बेचैन करने वाली, दुःस्वप्न जैसी जर्मन भाषा की यह फिल्म इंग्लिश सबटाइटिल के साथ उपलब्ध है। फिल्म में कांच चटकाने के दृश्य बहुत प्रभावशाली बन पड़े हैं। इफेल टॉवर के नीचे खड़े हिटलर को न्यूजरील फुटेज द्वारा सीपिया टोन में दिखाया गया है, फिल्म हिटलर को कहीं स्पष्ट रूप से नहीं दिखाती है। फिल्म में नाज़ी रैली दिखाने के लिए भी सीपिया टोन का उपयोग किया गया है। कैसे नाज़ी मार्च ऑस्कर के ड्रम बीट पर वाल्ट्ज़ में परिवर्तित हो जाता है, यह दृश्य सिनेमाई कुशलता का प्रतीक है। इन सब कारणों से गुंटर ग्रास, उनके उपन्यास 'टिन ड्रम' और उस पर बनी फिल्म का नगाड़ा बार-बार बजता रहा है। जब तक दुनिया में तमस है, गुंटर ग्रास का कार्य प्रासंगिक बना रहेगा। कुशाग्र और कुटिल ऑस्कर मैट्जेराथ के शब्दों में 'द टिन ड्रम' की पूरी कहानी का निचोड़ है, 'लाइट बल्ब के नीचे पैदा हुआ, तीन साल की उम्र में अपनी बाढ़ रोक दी, ड्रम मिला, शीशे चटकाए-तोड़े, वनीला सूंघा, चर्च में खखारा... बढ़ना तय किया। ड्रम कब्र में डाला, पश्चिम गया, पूर्व में जो था उसे खो दिया, पत्थर पर नक्काशी सीखी, मॉडल के लिए मुद्राएं दीं, अपने ड्रम के पास वापिस आया, कॉन्क्रीट का निरीक्षण किया, धन कमाया और अंगुली की देखभाल की, अंगुली छोड़ी, हंसते हुए पलायन किया, गिरफ्तार हुआ, अपराधी ठहराया गया, सजा मिली, कैद में और अब जल्दी आजाद होने वाला है, और आज मेरा जन्मदिन है, मैं तीस साल का हूं और अभी भी सदा की तरह ब्लैक कुक से डरता हूं - आमीन।

# मॉनसून और पक्षियों की अनोखी दुनिया

मॉनसून का भारतीयों से एक गहरा संबंध है। मॉनसून सिर्फ एक मौसम का बदलाव नहीं है; यह हमारे विविध देश की जीवनरेखा है। कई लोगों के लिए, बारिश की बूंदों की आवाज़ और गीली मिट्टी की खुशबू खुशी, बचपन और जीवन की यादें ताजा कर देती है। कश्मीर की धुंध भरी घाटियों से लेकर केरल के हरे-भरे वन तक, मॉन्सून भारत को एक प्राकृतिक स्वर्ग में बदल देता है.मॉनसून के आने से भारत की वनस्पति और जीव-जंतुओं में भी अद्भुत बदलाव देखने को मिलता है। कई पक्षी तथा जानवर इस मौसम की खुशी में झूम उठते हैं। मोर के नृत्य और खेलते हुए हिरण, की खुशी के दृश्य मॉन्सून के मनमोहक रूपों में से कुछ हैं। और पक्षियों की बात करें तो कई प्रजातियाँ ऐसी हैं जो केवल बारिश के मौसम में और कुछ विशेष क्षेत्रों में ही दिखाई देती हैं।इन पक्षियों की चहचहाहट से नम हवा गूंज



उठती है। बारिश के मौसम में ही इनकी मधुर आवाजें सुनाई देती हैं, जैसे कि चातक और कोयल । बारिश बटेर, जिसे अंग्रेजी में रेन क्वेल कहा जाता है, मॉनसून के मौसम का एक अनोखा और प्रतीकात्मक पक्षी है। यह पक्षी बेहद शर्मीला होता है, लेकिन इसकी एक विशिष्ट मुद्रा है–आकाश की ओर देखकर अपनी मधुर आवाज में पुकारना। बारिश बटेर का यह आकाश की ओर देखना और पुकारना मॉनसून की छटा को और भी मनमोहक बना देता है।यह पक्षी मुख्य रूप से भारत के लगभग हर हिस्से में देखा जा सकता है। यह घास के मैदानों, खुले खेतों, और गीली जमीनों पर रहना पसंद करता है, खासकर उन जगहों पर जहां बारिश के बाद हरियाली होती है। बारिश बटेर अपने छोटे आकार, धब्बेदार पंखों, और तेज़ आवाज़ के कारण पहचाना जाता है। बारिश बटेर का अस्तित्व यह दर्शाता है कि मॉनसून ने वातावरण को कितना प्रभावित किया है, और इसके आवाज से यह बताता है कि वर्षा ऋतु अपने पूरे वैभव में है।मॉनसून के दौरान सक्रिय होने वाला एक और रंग-बिरंगा पक्षी है ओरिएंटल ड्वार्फ किंगफिशर । यह समय उनके लिए घोंसला बनाने और अपने चूजों को भोजन खिलाने का होता है। यह खूबसूरत पक्षी मुख्य रूप से पश्चिमी घाट के घने जंगलों और गीली भूमि वाले क्षेत्रों में देखा जाता है। इनका आहार मुख्य रूप से छोटे कीड़े-मकोड़ों, और जलीय जीवों पर निर्भर होता है।इनकी घोंसला बनाने की प्रक्रिया भी बेहद अनोखी होती है। यह पक्षी नदी किनारे नमी वाली मिट्टी में सुरंग खोदकर घोंसला बनाते हैं, जिसमें वे अपने अंडे देते हैं और बाद में अपने चूजों का पालन-पोषण करते हैं। हम फोटोग्राफर अक्सर ध्व्ख्ड़ को विशेष स्थलों पर देखने और उनके जीवन का आलेखन करने का अवसर तलाशते हैं। आम तौर पर इन्हें अपने चूजों को खाने के लिए छिपकलियाँ और केकड़े लाते हुए देखा जाता है, और यही दृश्य इनके जीवन का सबसे सुंदर और अनमोल क्षण बन जाता है।मॉनसून और ँग्ढ़्नेग़्ब् का एक अटूट संबंध है, जिसे बारिश बटेर और जैसे पक्षियों की उपस्थिति खूबसूरती से दर्शाती है। ये पक्षी न केवल मॉन्सून की आहट लाते हैं, बल्कि हमारे प्राकृतिक परिवेश की समृद्धि को भी दर्शाते हैं। हमारे राष्ट्रीय ध्वज में हरा रंग इस समृद्धि और का प्रतीक है, जो हमें अपनी जैवविविधता की रक्षा के महत्व की याद दिलाता है। इसलिए, हम सभी का दायित्व है कि हम अपने पर्यावरण और इसकी अनमोल धरोहरों को संरक्षित करें, ताकि मॉन्सून का यह उत्सव हर वर्ष इसी तरह जीवंत बना रहे।

# शहरों की ओर आने को मजबूर हैं जंगली जानवर

राजस्थान का उदयपुर हो या उत्तर प्रदेश का बहराइच और लखीमपुर खीरी, इंसान बाघ, तेंदुओं और भेड़ियों से भयभीत है। आखिर क्या



कारण है, जो वन्यजीव इंसानी खून के प्यासे हो गए हैं और मानव का शिकार करने निकल पड़े है प्रसिद्ध शिकारी एडवर्ड जेम्स 'जिम' कॉर्बेट का नाम आपने सुना होगा, जिनके नाम पर उत्तराखंड में नेशनल पार्क है। जिम कॉर्बेट शिकारी थे और वो इसलिए प्रसिद्ध हुए, क्योंकि उन्होंने 33 नरभक्षी बाघ और तेंदुओं को मारकर उत्तराखंड (तब यूनाइटेड प्रोविंस) के लोगों को आदमखोर जानवरों से निजात दिलाई थी। इन दिनों भी देश के अलग-अलग राज्यों में कई जानवर आदमखोर हो गए हैं। राजस्थान का उदयपुर हो या उत्तर प्रदेश का बहराइच और लखीमपुर खीरी, इंसान बाघ, तेंदुओं और भेड़ियों से भयभीत है। आखिर क्या कारण है, जो वन्यजीव इंसानी खून के प्यासे हो गए हैं और मानव का शिकार करने निकल पड़े हैं उदयपुर में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचाया हुआ है। वो अब तक सात लोगों की जान ले चुका है। वन्य विभाग इस आदमखोर तेंदुए को पकड़ने में नाकाम रहा है, क्योंकि अब तक उसने जो तेंदुए पकड़े गए हैं, वो संभवतः आदमखोर नहीं थे, क्योंकि उनके पकड़े जाने के बाद भी इंसानों का मरना जारी है। उदयपुर जैसी ही कहानी उत्तर प्रदेश के बहराइच की भी है, जहां आदमखोर बन चुके भेड़िए आए दिन शिकार कर रहे हैं। उन्होंने कई बच्चों को अपना निशाना बनाया है। दर्जनों लोग उनके हमले में घायल हो चुके हैं। वन विभाग ने कई भेड़िए पकड़े हैं, लेकिन आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक बाघ का आतंक लगातार बढ़ रहा है। जंगली जानवरों के आदमखोर बनने के पीछे कई वजह हैं। मुख्य रूप से जंगलों का सिकुड़ना और शिकार की उपलब्धता कम होना एक मुख्य कारण है। जंगलों के आसपास या जंगलों के भीतर तक इंसान ने अपनी बस्तियां बसा रखी हैं। इंसान की गतिविधियां जंगल में बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। जब जंगली जानवर को वनक्षेत्र में पर्याप्त शिकार नहीं मिलता है तो वो इंसानी बस्तियों की ओर रुख करता है और इंसान को अपना शिकार बना लेता है। कुछ वृद्ध जानवर भी इंसानों का शिकार करते हैं। इंसान ने अपने लिए कानून बनाए हैं, लेकिन जंगल का अपना कानून होता है। जंगली जानवर को अपने क्षेत्र में हस्तक्षेप निश्चित रूप से बर्दाश्त नहीं होता। हालांकि, जब कोई जंगली जानवर आदमखोर हो जाता है तो इंसान या तो उसे पकड़कर पिंजरों में डाल देता है या उसे मार डालता है। आदमखोर जानवरों को मारने के लिए कानून भी है, जिसके तहत किसी जानवर को आदमखोर घोषित किया जा सकता है।वाइल्ड लाइफ एक्ट 1972 के सेक्शन 11 के अनुसार ऐसा जानवर जो इंसानों के जीवन के लिए खतरा हो गया है, उसे आदमखोर बताकर मारा जा सकता है। देश की आबादी लगातार बढ़ रही है। विकास की अंधाधुंध दौड़ में इंसान जंगलों को लगभग काट चुका है। आखिर जानवर जाएं तो जाएं कहां? कभी भारत में जंगल ही जंगल थे, लेकिन आज देश में जानवरों के लिए चंद नेशनल पार्क बनाकर छोड़ दिए गए हैं, लेकिन इनमें भी इंसान ने अतिक्रमण कर रखा है। सरकारें ऐसे अतिक्रमणों पर अब तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठा सकी हैं। जब भी आदमखोर जानवरों द्वारा कोई घटना होती है तो वन विभाग चंद दिनों के लिए पिंजरे लगाकर जानवरों को पकड़ या मारकर अपने काम से इतिश्री कर लेता है।जंगल का भी अपना एक नियम है, जिसे समझने में इंसान अब तक असफल ही रहा है। आखिर जानवरों को भी पृथ्वी पर रहने का उतना ही अधिकार है, जितना इंसानों को है। यदि जानवर नहीं रहेंगे तो पृथ्वी का संतुलन बिगड़ जाएगा। पहले ही बड़ी संख्या में वन्यजीव विलुप्त हो चुके हैं और कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। सरकारों को केवल कानून बनाकर अपने काम की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। कानूनों की सख्ती से पालना और मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। ईमानदारी से जानवरों को उनका इलाका सौंपने की जरूरत है। यदि ऐसा न हुआ और विकास की अंधी दौड़ चलती रही तो वन्यजीवों का आदमखोर बनना जारी रहेगा। इंसान और जानवरों की लड़ाई यूं ही चलती रहेगी।

# दुर्गापूजा पर आर.जी. कर कांड की छाया पंडालों पर डॉक्टर के लिए न्याय की मांग

पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा पर डॉक्टर केस का असर साफ दिखाई दे रहा है। कोलकाता की नाकतला नबपल्ली दुर्गापूजा समिति न आर.जी. कर की पीड़िता के लिए





न्याय की मांग करते हुए पूरे पंडाल को ऐसे पोस्टरों और तस्वीरों से सजाने का फैसला किया है। पंडाल की साज-सज्जा में महिला अधिकारों की भी वकालत की जाएगी। पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा पर आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज कांड की छाया साफ नजर आ रही है। बीते महीने उस सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी, उसके बाद लंबे अरसे तक जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो गई थी।इस घटना के विरोध में राज्य की कई दुर्गा पूजा समितियों ने सरकारी अनुदान लेने से इंकार कर दिया है। इधर, राज्य सरकार करीब 43 हजार समितियों को 85-85 हजार रुपए का अनुदान देती है। इसके साथ ही तमाम प्रमुख आयोजन समितियों ने बजट घटा दिए हैं। इसकी वजह यह है कि उनको पिछले साल की तरह प्रायोजक नहीं मिल सके हैं। कोलकाता और उसके आसपास करीब तीन हजार पूजा आयोजित की जाती है। थीम आधारित इस उत्सव में हर साल देश-विदेश की प्रमुख घटनाओं को पंडालों की साज-सज्जा और लाइटिंग के जरिए दर्शाया जाता है। इस साल इस उत्सव पर आर.जी. कर की घटना की छाया नजर आ रही है। कुछ पूजा समितियों ने महिला सुरक्षा को अपनी थीम बनाया है तो एक समिति ने सती दाह को। कोलकाता की नाकतला नबपल्ली दुर्गापूजा समिति न आर.जी. कर की पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए पूरे पंडाल को ऐसे पोस्टरों और तस्वीरों से सजाने का फैसला किया है। पंडाल की साज-सज्जा में महिला अधिकारों की भी वकालत की जाएगी। इस साल आम लोगों ने आर.जी. कर की घटना को ध्यान में रखते हुए पूजा को उत्सव की तरह नहीं मनाने का फैसला किया है, इसलिए पूजा का आयोजन तो पहले जैसा ही होगा. लेकिन उसमें रंगीनियां नहीं होंगी। पहले जहां दुकानो में रोजाना औसतन 20 से 25 हजार की बिक्री होती थी वह अब घटकर पांच से 10 हजार के बीच यानी आधा या उससे भी कम रह गई है। कपड़ा बिक्रेताओं का दावा है कि इस बार कारोबार पिछले साल के मुकाबले एक-तिहाई है। बंगाल में दुर्गा पूजा का कारोबार 50 हजार करोड़ से ज्यादा है. पूजा के दौरान कॉर्पोरेट घराने 800 से लेकर 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा तक खर्च करते हैं. इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स पहले ही अनुमान जता चुका है कि 2030 तक दुर्गा पूजा का टर्नओवर मेगा कुंभ मेला के बराबर हो जाएगा जो करीब एक लाख करोड़ रुपए है। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों में हर साल करीब साढ़े चार हजार पूजा आयोजित की जाती है. इनमें करीब दो सौ आयोजन ऐसे हैं, जिनमें हर पूजा में 50 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है. बाकियों में से हर पूजा में 20 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है. कुल मिलाकर करीब तीन लाख रोजगार पैदा होते हैं. इनमें टैक्सी ड्राइवर औ? टूर गाइड्स भी शामिल हैं. लोग इस बार उत्सव मनाने के मूड में नहीं हैं। हर साल पूजा के करीब दो महीने पहले से ही प्रमुख बाजारों में भीड़ उमड़ने लगती थी, लेकिन इस साल अपवाद है. इस साल पहले जैसी भीड़ नहीं नजर आ रही है. बिक्री का आंकड़ा भी काफी घट गया है। कोलकाता की एक प्रमुख आयोजन समिति, जिसका बजट करोड़ों में होता है, के संयोजक दीपंकर दास बताते हैं कि इस साल प्रायोजक ही नहीं मिल रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले आधे विज्ञापन भी नहीं मिले हैं. इसकी वजह से बजट में भारी कटौती करनी पड़ी है आयोजन समितियों के साझा मंच फोरम फार दुर्गोत्सव के अध्यक्ष पार्थ घोष बताते हैं कि पूजा की करीब 50 हजार करोड़ की अर्थव्यवस्था में 16 सौ करोड़ के खर्च पंडालों और साज-सज्जा पर किया जाता है।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



**Ms. Riya Arora (Counsellor)**

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# महाकुंभ 2025 के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय द्वारा दिया गया स्ट्रीट वेंडर्स प्रशिक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 प्रयागराज में पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु स्ट्रीट वेंडर्स को जागरुकता कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान लखनऊ द्वारा प्रयागराज में होटल राही सिविल लाइंस में महाकुम्भ में सरल सुगम यातायात हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पाण्डेय वा अपर पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह के निर्देशन में यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उनके द्वारा बताया गया की जो भी महाकुम्भ में जो भी स्ट्रीट वेंडर्स अपनी दुकान लगाएंगे वो अपनी दुकान सुव्यवस्थित रूप से सड़क से उचित दूरी पर लगाए जिससे ग्राहक अच्छे से खरीददारी कर पाए और यातायात सुगमता पूर्वक चलता रहे ,अपनी दुकान पर कूड़ादान (सूखा गीला) जरूर रखें ,उस सर्किल के एसएचओ,चौकी प्रभारी का नंबर जरूर सेव रखें मेले में किसी भी तरह के अफवाह को न फैलने दें जिससे भगदड़ की संभावना न होने पाए,मेले में जो भी नियम बनाए जाएंगे उसका पालन करें। जिस घाट पर छमता से अधिक भीड़ हो उन घाटों पर न जाने के श्रद्धालुओ से अपील करें और प्रशासन का सहयोग करें असुविधा होने पर मदद भी लेते रहें। दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रमुख मार्ग का भी ध्यान रखें और उनकी भाषा से भी यह समझ लीजिए की ये व्यक्ति किस राज्य का होगा उसे उसी रूट के तरफ का रास्ता बताएं। अतिथि देवो भव की भावना से मेले में अपना योगदान दें।जो अपने सगे संबंधियों से बिछड़ गए हो उन्हे साउंड सिस्टम से पुकारा कराएं और भूले भटके शिविर में भेजवा दें,मेले के दौरान शहर के प्रमुख चैराहों के वर्तमान नाम से ही नाम लें जिससे लोगों को सही स्थान तक ले जाया जा सके, संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर प्रशासन को सूचना दें, जिससे मेले में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। प्रतिभागियों को सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।प्रशिक्षण पर्यटन विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी के उपस्थिति में किया गया और प्रतिभागियों से प्रश्नोत्तरी कर उनके सवाल के जवाब दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुकेश प्रसाद,समाज सेवी नितीश शुक्ल,यातायात टीम से संदीप शुक्ल,प्रदीप दुबे मौजूद रहे।



# सड़क दुर्घटना में एक की मौत दूसरा घायल रिफर



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चुर्क तिराहे के समीप सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी कार सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल मौके पर पहुची पुलिस ने घायल युवको को जिला अस्पताल कराया भर्ती चिकित्सकों ने उपचार के दौरान 35 वर्षीय युवक को किया मृत घोषित वहीं दूसरे का इलाज किया जारी। पुलिस ने बताया कि सुनील कन्नौजिया पुत्र राजू कन्नौजिया 25 वर्ष निवासी चुर्क घायल है वही इम्तियाज पुत्र सरीफुल हक 32 वर्ष निवासी मुसही की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया इसकी सूचना परिजनों को देते हुए पुलिस अग्रिम करवाई में जुटी । वही दूसरे गम्भीर रूप से घायल युवक सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर वाराणसी किया रेफर।

# साफ-सफाई के साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग हो अनिवार्यःरूबी प्रशाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद मे रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 0, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 0. नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 1, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि माह अक्टूबर, 2024 में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिनांक 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक नगर के सभी वार्डो में रोकथाम व बचाव हेतु जनजागरूता अभियान के साथ साफ-सफाई गार्बेज निस्तारण, एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग, झाड़ियों की कटाई, आदि की जायेगी।इस दौरान जेई मनीष कुमार, सभासद अनवर अली,मनोज चौबे ,धर्मराज जैन, सुजीत कुमार, अजीत सिंह, शन्त सोनी ,आकाश,बिमलेश कुमार,सुनील सिंह,बिनोद कुमार सहित अन्य लोग रहें।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## मैगी स्मिथ से लेकर एलन रिकमैन तक, इस दुनिया में अब नहीं हैं हैरी पॉटर के ये सितारे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जेके राउलिंग के उपन्यासों पर आधारित हैरी पॉटर निस्संदेह एक ऐसी फ्रैंचाइज है, जिसने आधुनिक सिनेमा के इतिहास



में अपनी खास जगह बनाई है। इन फिल्मों को दुनियाभर में भरपूर प्यार मिला। इस फिल्म में नजर आने वाले कई किरदारों ने लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी है। हालांकि, इसमें काम कर चुके कई मशहूर सितारे अब हमारे बीच नहीं हैं। आइए एक नजर डालते हैं। हैरी पॉटर में प्रोफेसर मिनर्वा मैकगोनागल की भूमिका के लिए लोकप्रिय मैगी स्मिथ का हाल ही में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके बेटों क्रिस लार्किन और टोबी स्टीफेंस ने एक बयान में इस खबर की पुष्टि की थी। हैरी पॉटर में उनके किरदार को काफी पसंद किया गया था। एलन रिकमैन हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्मों में नजर आए थे। इनमें वह प्रोफेसर सेवेरस स्नेप के किरदार में दिखे थे। लंबे समय तक अग्नाशय के कैंसर से जूझने के बाद जनवरी 2016 में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया था। रॉबी कोलट्रैन ने रूबेस हैग्रिड नाम के हॉगवर्ट्स के गेटकीपर और चाबियों के रखवाले का किरदार निभाया था। लोगों को उनकी भूमिका खूब पसंद आई थी। हृदय रोग की जटिलताओं के कारण अक्टूबर 2022 में उनका निधन हो गया था। रिचर्ड हैरिस ने हैरी पॉटर की पहली दो फिल्मों में एल्बस डंबलडोर का किरदार अदा किया था। अक्टूबर 2002 में हॉजकिन रोग के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। माइकल गैंबोन को हैरी पॉटर की आठ में से छह फिल्मों में हॉगवर्ट्स के हेडमास्टर एल्बस डंबलडोर का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 2002 में रिचर्ड हैरिस की मृत्यु के बाद डंबलडोर की भूमिका निभाने के लिए चुना गया था। निमोनिया के कारण होने वाली जटिलताओं की वजह से सितंबर 2023 में उनका निधन हो गया था। रिचर्ड ग्रिफिथ्स फिल्म हैरी पॉटर के अंकल की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम वर्नन डर्स्ली था। मार्च 2013 में हृदय की सर्जरी के बाद उत्पन्न हुई जटिलताओं के कारण उनका निधन हो गया था। इस सूची में हेलेन मैकक्रॉरी का नाम भी शामिल है। उन्होंने फिल्म में ड्रेको की मां नार्सिसा मालफॉय की भूमिका निभाई थी। वह भी अब इस दुनिया में नहीं हैं। लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद अप्रैल 2021 में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया था।

## शादी की दूसरी सालगिरह पर ऋचा ने साझा कीं अनदेखी तस्वीरें, कहा- सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त थे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऋचा चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर संगीत सेरेमनी की अनदेखी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है, 'आज दो साल हो गए। हमारी ये तस्वीरें देखते हुए मेरी आंखें नम हो रही हैं'। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल की शादी को अगले महीने अक्तूबर में दो साल पूरे होने जा रहे हैं। अपनी दूसरी वेडिंग एनिवर्सरी से पहले ऋचा ने एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा किया है। उन्होंने प्री-वेडिंग कार्यक्रमों की कुछ अनदेखी तस्वीरें पोस्ट की हैं। इसके साथ उन्होंने शादी को लेकर एक खुलासा किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी शादी के सभी कार्यक्रमों में एक बात का खास ख्याल रखा गया और वह ये कि सभी फंक्शन प्लास्टिक फ्री रहे। ऋचा चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर संगीत सेरेमनी की अनदेखी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है, 'आज दो साल हो गए। हमारी ये तस्वीरें देखते हुए मेरी आंखें नम हो रही हैं'। ऋचा ने आगे लिखा है, 'हमारी



शादी के सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त थे।' मालूम हो कि ऋचा चड्ढा पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी जागरुक हैं और इस तरफ अक्सर अपने फैंस का भी ध्यान आकर्षित करती हैं। ऋचा चड्ढा और अली फजल ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कुछ दिनों पहले पौधारोपण का काम भी किया था। उन्होंने अपने करीबियों, प्रियजनों और शुभचिंतकों के नाम पर पौधे लगाए। आज अभिनेत्री ने अपनी शादी के फंक्शन की तस्वीरें साझा करते हुए फिर पर्यावरण की सुरक्षा की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बात जब पर्यावरण की हो तो वे खुद भी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं।ऋचा चड्ढा और अली फजल ने 2 अक्तूबर 2022 को शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने काफी वक्त एक-दूसरे को डेट किया था। ऋचा और अली ने 2022 में पारंपरिक तरीके से शादी रचाई, जबकि उससे पहले साल 2020 में दोनों रजिस्टर्ड मैरिज कर चुके थे। कपल ने इस साल अपनी पहली संतान के रूप में बिटिया का स्वागत किया है।

## एंटीलिया से रणवीर सिंह के साथ विजेंदर सिंह ने साझा कीं तस्वीरें, फैंस को भाया ऐसा अवतार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीता अंबानी ने ओलंपियनों और पैरालिंपियनों को एक साथ लाने और उनके काम को सराहने के लिए 'यूनाइटेड इन



ट्रायम्फ' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह भी पहुंचे। मुक्केबाद विजेंदर सिंह ने रणवीर के साथ फोटो शेयर की है। अभिनेता रणवीर सिंह 29 सितंबर को में नीता अंबानी के 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए। ये समारोह भारत के ओलंपियन और पैरालिंपियन के लिए अंबानी परिवार के मुंबई स्थित निवास एंटीलिया में आयोजित हुआ था। भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने सोशल मीडिया पर इसी समारोह की तस्वीरें साझा की हैं। इस फोटो में विजेंदर सिंह के साथ रणवीर सिंह, नीता अंबानी, अनंत अंबानी, आकाश अंबानी नजर आ रहे हैं। भारत के ओलंपिक और पैरालिंपिक खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेता भी शामिल होने पहुंचे। रणवीर सिंह भी इस समारोह में अपनी एक अलग एनर्जी के साथ नजर आए। फोटो में नीता अंबानी लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए विजेंदर कुमार ने लिखा - 'जब मैं एक दयालु और सम्मानित महिला से एंटिलिया में मिला, वह सच में दया का सार हैं' सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो में रणवीर सिंह अंबानी परिवार के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पिता बने रणवीर सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। इसमें कार्यक्रम स्थल के बाहर तैनात पैपराजी के साथ बातचीत करते हुए उनके उत्साहपूर्ण मूड को कैद किया गया। क्लिप में, रणवीर को फोटोग्राफरों से खुशी से हाथ मिलाते हुए और उत्साह से 'बाप बन गया रे' चिल्लाते देखा जा रहा है। रणवीर को पिता बनने और पत्नी-अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ एक बच्ची का स्वागत करने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए देखा जा सकता है।

## कोलकाता में टूटे हाथ के साथ शूटिंग कर रहे मिथुन, बेटे ने विदेश से दी फाल्के अवॉर्ड की बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मिथुन चक्रवर्ती! बीती सदी के नौवें दशक में जवान हुई हिंदी फिल्म दर्शकों की पूरी एक पीढ़ी इस नाम की दीवानी रही है।



राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन के बाद यही एक शख्स हुआ जिसके बालों की स्टाइल का जमाना दीवाना रहा है। मुंबई की सड़कों पर कभी टैक्सियां धोने वाला पश्चिम बंगाल से आया एक युवा कभी देश का सबसे बड़ा सिने सम्मान पाएगा, उनके करीबी लोगों ने भी कभी सपने में नहीं सोचा था। और, मिथुन ने भी कहां ही सोचा होगा कि जब ये पुरस्कार मिलने की उनको जानकारी मिलेगी तो वह गुलदस्ता पकड़ने के लिए दोनों हाथ भी आगे नहीं कर पाएंगे जी हां, मिथुन चक्रवर्ती को देश दुनिया से सोमवार सुबह से ही लगातार फोन कॉल मिल रहे हैं। सबसे पहली बधाई उन्हें उनके बेटे नमोशी ने अमेरिका से दी जिसे सोशल मीडिया पर ये खबर चलती दिखाई दी और उसका स्क्रीनशॉट लेकर उसने अपने पिता को भेजा। इसके बाद उनका बाकी स्टाफ भी सक्रिय हुआ। मिथुन चक्रवर्ती को हालांकि दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए बनी समिति का निर्णय बताते हैं कि बीती रात ही बता दिया गया था, लेकिन ये सूचना सोमवार को सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव की ट्वीट से ही जग जाहिर हुई। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी ट्वीट को री-पोस्ट करके मिथुन की उनके सिनेमा के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बारे में यहां मुंबई में पता करने की कोशिश की गई तो जानकारी मिली कि वह कोलकाता में एक बांग्ला फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग से ऐन पहले उनको चोट भी लग चुकी है और उनका एक हाथ फ्रैक्टर हो चुका है। जानकारी के मुताबिक मिथुन चक्रवर्ती को उनके डॉक्टर ने एक महीने तक हाथ पर जोर न देने और आराम करने को कहा है। लेकिन, मिथुन चक्रवर्ती काम को लेकर इतना समर्पित रहे हैं कि वह एक महीने अपनी शूटिंग आगे खिसकाकर फिल्म के बाकी कलाकारों और तकनीशियनों के लिए दिक्कत नहीं बनना चाहते।मिथुन चक्रवर्ती के नजदीकी सूत्रों के मुताबिक जिस बांग्ला फिल्म की वह कोलकाता में शूटिंग कर रहे हैं, उसमें अपने किरदार के साथ उन्होंने एक नया प्रयोग कर दिया है। अब फिल्म की कहानी में भी इस किरदार का हाथ टूट गया और मिथुन अब अपना किरदार इसी टूटे हाथ के साथ निभा रहे हैं। फिल्म में जहां जहां उनके दूसरे दृश्य हैं वहां उनके क्लोज अप की शूटिंग की जा रही है। मिथुन चक्रवर्ती के हाथ में दिक्कत होने के चलते बधाई देने आ रहे लोगों से गुलदस्ते भी वह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और न ही ज्यादा देर तक फोन पर बात ही कर पा रहे हैं।गौरांग चक्रवर्ती के रूप में 16 जून 1950 को कोलकाता में जन्मे मिथुन चक्रवर्ती भारतीय सिनेमा के इकलौते ऐसे अभिनेता है जिसे डेब्यू फिल्म में ही सर्वश्रेष्ठ अभिनय का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। मिथुन को इसके अलावा फिल्म 'तहादेर कथा' और फिल्म 'स्वामी विवेकानंद' के लिए भी अभिनय के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। केंद्र सरकार ने इसी साल उन्हें पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया। साल 2022 के लिए प्रदान किए जाने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के दौरान मिथुन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार 8 अक्तूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी।

## रिलीज से पहले ही 'सिंघम अगेन' का धमाल, इतने करोड़ में बिके फिल्म के डिजिटल राइट्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' दिवाली पर रिलीज होने वाली है। यह उनके कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। फिल्म के रिलीज होने में काफी कम समय बचा है और इसी बीच ऐसी खबरें आई हैं कि रोहित शेट्टी की इस



फिल्म के डिजिटल और म्यूजिक राइट्स 200 करोड़ में बेच दिए हैं। खबरों की मानें तो यह फिल्म की रिलीज से पहले बड़ी डील साबित हुई है। रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' ने अपनी रिलीज से पहले ही बड़ी कमाई की है। अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को नॉन-थियेट्रिकल डील मिल गई है। कम से कम हालिया मीडिया रिपोर्ट तो यही बताती है। शेट्टी की कॉप-यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म ने रिलीज से कुछ हफ्ते पहले ही 200 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। पिंकविला की रिपोर्ट्स की मानें तो रोहित शेट्टी और जियो स्टूडियोज ने 'सिंघम अगेन' के संयुक्त सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स 200 करोड़ रुपये में बेचे हैं। रिपोर्ट में प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि रोहित शेट्टी की फिल्में हमेशा टीवी पर पसंदीदा होती हैं और उनकी रिपीट वैल्यू बहुत ज्यादा होती है। सूत्र ने बताया, ठयह अजय देवगन और रोहित शेट्टी के लिए सबसे बड़ी नॉन-थियेट्रिकल डील है। रोहित शेट्टी की फिल्मों ने हमेशा दर्शकों की जबर्दस्त मांग के कारण सैटेलाइट प्लेयर्स से बड़ी रकम हासिल की है। वहीं, सिंघम अगेन को डिजिटल प्लेयर्स ने भी प्रीमियम कीमत दी है। इस फिल्म में किसी फीचर फिल्म के लिए सबसे बड़े कलाकारों का सेटअप है। बता दें कि अजय और करीना कपूर खान के अलावा, इसमें रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ भी पुलिस की भूमिका में हैं। जैकी श्रॉफ और अर्जुन कपूर खलनायक की भूमिका में हैं, जबकि आशुतोष राणा, दयानंद शेट्टी और श्वेता तिवारी सहायक भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

## जब अच्छा अभिनेता बनने के लिए शाहरुख खान ने दिलीप कुमार से मांगा सुझाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड जगत के सुपरस्टार शाहरुख खान ने एक बार दिलीप कुमार से उनके अभिनय और शानदार फिल्मों की





प्रसिद्धी को लेकर सवाल किया था। इसके जवाब में दिलीप कुमार शाहरुख खान को फिल्म और अभिनय के बारे में समझाते हुए अपना सुझाव भी दिया था। अभिनेता दिलीप कुमार को सिनेमा जगत का सुपरस्टार माना जाता है। वह अपनी एक्टिंग और फिल्मों के कारण वह चर्चा में रहते हैं। दिलीप कुमार की फिल्मों की लंबी लिस्ट है, जो आज के सितारों के लिए सीख का एक अच्छा उदाहरण भी बनती हैं। अभिनेता शाहरुख खान भी उनमें से एक हैं जो उनकी इसी प्रसिद्धी के करीब पहुंच सके हैं। शाहरुख खान ने एक बार दिलीप कुमार से अच्छे अभिनय के लिए सलाह ली थी।बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने एक बार दिलीप कुमार से सवाल किया था, 'सर वो कौन से गुण और चीजें हैं जो आपकी फिल्म को इतनी सराहनीय, चिरस्थायी और यादगार बना देती हैं'। इस पर दिलीप कुमार ने जवाब दिया, 'यह एक मुश्किल सवाल है, जिससे मुझे निपटना होगा'। दिलीप कुमार ने इसका जवाब दिया कि गुडलक, कड़ी मेहनत, ईमानदारी और टीम के साथ मिलकर काम करना ही फिल्म को शानदार बनाता है। दिलीप कुमार ने इसका जवाब दिया कि कोई भी अभिनेता अपने किरदार से बड़ा नहीं हो सकता है। इसमें कहानी और अभिनय शामिल है। किसी भी अच्छी फिल्म के लिए अच्छी कहानी, दमदार किरदार और रिश्ते, अच्छे अवसर होने चाहिए। अभिनेता के पास उस कहानी से जुड़ने के लिए सही अवसर भी होना जरूरी है। एक अभिनेता के लिए केवल सतही नहीं बल्कि वास्तविकता से जोड़ना जरूरी होता है। अभिनेता शाहरुख खान ने दिलीप कुमार की इस बात को माना और उसी तरीके से काम कर रहे हैं। शाहरुख खान भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जाने जाते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान को जल्द ही किंग में देखा जा सकता है। दावा किया जा रहा है कि 'किंग' में एक डॉन की कहानी दिखाई जाएगी, जो एक लड़की का गुरु बन जाता है। शाहरुख खान डॉन की भूमिका निभाएंगे, वहीं उनकी बेटी सुहाना खान उनकी शिष्या के रूप में नजर आएंगी। अभिषेक बच्चन फिल्म में नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे।

## तुषार कपूर का फेसबुक अकाउंट हुआ हैक, बयान जारी कर फैंस को दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता तुषार कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर बताया कि उनके सार्वजनिक और निजी फेसबुक अकाउंट हैक हो गए हैं और उनकी टीम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वह हाल ही में फेसबुक पर एक्टिव नहीं रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर ने हाल में ही ओटीटी पर डेब्यू किया है। उन्होंने वेब सीरीज 'दस जून की रात' के साथ अपनी नई पारी की शुरुआत की है। तुषार मशहूर फिल्मी परिवार से आते हैं।

## कब आएगा राम चरण की 'गेम चेंजर' का टीजर? इस दिन खत्म हो सकती है इंतजार की घड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राम चरण की फिल्म गेम चेंजर के टीजर को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस



फिल्म की झलक दशहरा के समय लोगों को देखने को मिल सकती है। राम चरण के फैंस लंबे समय से उनकी फिल्म गेम चेंजर का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी भी हैं। पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म को लेकर लगातार अपडेट सामने आ रहे हैं। आज यानी 30 अक्तूबर को इस फिल्म का गाना रा मचा मचा रिलीज किया जाएगा। इस गाने का लॉन्च कार्यक्रम हैदराबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। हाल ही में इस गाने का प्रोमो जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया था। इस गाने की झलक में राम चरण जमकर थिरकते नजर आए थे। रा मचा मचा को थमन ने कंपोज किया है। इस बीच फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रशंसकों की बेसब्री को देखते हुए गेम चेंजर के निर्देशक शंकर और उनकी टीम टीजर को दर्शकों के सामने पेश करने के लिए जोर शोर से जुटे हुए हैं। निर्माता दिल राजू ने भी हाल ही में इस बात की जानकारी एक साक्षात्कार के दौरान दी थी। फिल्मी हलकों हो रही चर्चाओं की मानें तो फिल्म का बहुप्रतीक्षित टीजर दशहरा उत्सव के दौरान रिलीज किया जा सकता है। इंडियन 2 के बाद शंकर गेम चेंजर लेकर आ रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। बताया जा रहा है कि अक्तूबर महीने में प्रशंसकों की खुशी को दोगुना करने की तैयारी है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।